## एक नजर

### सिरतौल में लकड़ी माफिया ने काटा पीपल का वृक्ष

बिल्सी। थाना क्षेत्र के गांव के सिरतौल के जंगल में बुधवार की शाम कुछ लकड़ी माफिया ने सरकारी नलकूप संख्या 33 की गूल पर लगे एक पीपल के वृक्ष को काट डाला। जैसे ही इसकी सूचना गांव के लोगों को हुई तो उन्होंने थाना पुलिस को अवगत कराया। मौके पर पहुंची पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। गांव के पवन कुमार उपाध्याय समेत ग्रामीणों ने बताया कि सरकारी गूल पर काफी पुराना पीपल का वृक्ष था। जिसे आज कुछ लकड़ी माफिया ने बिना किसी अनुमति के काट दिया। ग्रामीणों ने एसएसपी से लकड़ी माफिया के खिलाफ कार्रवाई किए जाने मांग की है।

### नेत्र चिकित्सक ने बांटे नि:शुल्क चश्मे

आसफपुर। आसफपुर क्षेत्र के गांव मोहकमपुर निवासी बुजुर्ग 84 वर्षीय मुलायम सिंह, पहलवान, धान सिंह, चंद्रकली पत्नी तेजभान, रामकली पत्नी राम सिंह, गोपी शंकर आदि ने पिछले दिनों मोतियाबिंद का ऑपरेशन जिला अस्पताल में कराया था। ऑपरेशन कराने वाले सभी मरीजों ने बुधवार को आसफपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर नेत्र चिकित्सक रमाकांत वार्ष्णेय ने आंखों की पट्टी हटाई और ड्रेसिंग कराई। इन सभी लोगों को उन्होंने नि :शुल्क चश्मे बांटे।

# सड़कें और नाले बनाने में 22 करोड़ रुपये खर्च करेगी जिला पंचायत

## लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पहले शुरू हो जाएंगे सभी कार्य

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा जिले में 22 करोड़ से अधिक की लागत से बनने वाली सड़कों और नालियों का शिलान्यास कर दिया है। लोकसभा चुनाव के लिए अधिसूचना जारी होने से पहले ही निर्माण कार्य शुरू कराने के निर्देश दिए गए हैं। सभी ठेकेदारों को निर्देशित किया गया है कि दो दिन में कार्य शुरू कर दिए जाएं।

जिला पंचायत सदस्यों के वार्डों में सड़क और नाले बनने हैं। इसके लिए करीब 22 करोड़ से अधिक की धनराशि स्वीकृत की गई है। इन निर्माण कार्यों का शिलान्यास पिछले दिनों जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव द्वारा किया जा चुका है। अब लोकसभा चुनाव की अधिसूचना किसी भी दिन जारी हो सकती है। अधिसूचना जारी होने के बाद कोई भी नया निर्माण कार्य शुरू नहीं कराया जाएगा। इसलिए जिला पंचायत प्रशासन ने सभी ठेकेदारों को निर्देशित किया है कि चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पहले निर्माण कार्य शुरू करा दिए जाएं जिससे चुनाव के दौरान भी यह कार्य कराए जाते रहेंगे। जिला पंचायत प्रशासन ने बुधवार को सभी ठेकेदारों को निर्देश दिए कि दो दिन के अंदर अपने-अपने कार्य को शुरू करा दें। जिला पंचायत प्रशासन की ओर से कहा गया है कि जो ठेकेदार कार्य शुरू नहीं करेगा उसका ठेका निरस्त कर दिया जाएगा। उस कार्य को चुनाव के बाद टेंडर निकाल कर कराया जाएगा। जिन सड़कों की मरम्मत होनी है उनका कार्य भी शुरू कर दिया जाएगा जिससे मरम्मत कार्य में चुनाव के चलते विलंब न हो।



टूटी पड़ी सड़क पर लोगों का चलना मुश्किल। ● अमृत विचार

- जिला पंचायत ने ठेकेदारों को दिए निर्देश, दो दिन में शुरू हों कार्य

### वित्तीय वर्ष खत्म होने से पहले खपा रहे बजट

वित्तीय वर्ष खत्म होने में 16 दिन ही बचे हैं। ऐसे में आनन-फानन विकास कार्यों के प्रस्ताव पास कर टेंडर किए जा रहे हैं, जिससे बचा हुआ बजट इसी वित्तीय वर्ष में ज्यादा से ज्यादा खर्च दिखाया जा सके और बजट शासन को वापस न करना पड़े।

> जिला पंचायत द्वारा करीब 22 करोड़ से अधिक की धनराशि से कई सड़कें और कुछ नाले बनाए जाने हैं। इसका प्रस्ताव बोर्ड की बैठक में पास किया जा चुका है। अब केवल कार्य होने शेष हैं। सभी ठेकेदारों को हिदायत दे दी गयी है कि दो दिन में कार्य शुरू कराएं और उसकी जानकारी जिला पंचायत प्रशासन को दें जिससे उनका निरीक्षण किया जा सके। इस कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शासन के नियमों के तहत कार्य कराए जा रहे हैं।
> –**सुरेन्द्र कुमार दुबे** – अपर मुख्य अधिकारी।

## दूसरे भवन में पहुंचा नेहरू युवा केंद्र, माया आलम को चार्ज

**बदायूं, अमृत विचार :** शहर में गांधी नगर के निकट 30 साल से एक मकान के ऊपरी मंजिल पर नेहरू युवा केंद्र का कार्यालय था। यह मकान जर्जर हालत में पहुंच गया था। जिससे कार्यालय के लोगों को खतरा पैदा हो गया।

पिछले साल 5 दिसंबर को केंद्र सरकार को प्रार्थना पत्र भेजकर नेहरू युवा केंद्र को दूसरी जगह शिफ्ट करने की अनुमति मांगी गयी थी। कई बार केंद्र सरकार को पत्र लिखे गए तब कहीं जाकर कार्यालय को शिफ्ट करने की अनुमति मिली। बुधवार को गांधी नगर में ही मेन रोड पर एक भवन के ऊपरी मंजिल पर कार्यालय शिफ्ट कर दिया गया। अब यहीं से नेहरू युवा केंद्र के कार्यक्रम संचालित होंगे। जिला युवा अधिकारी माया आलम ने बताया कि अब कार्यालय नई बिल्डिंग में पहुंच गया है। यहां से कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। जिला युवा अधिकारी दिनेश यादव का तबादला हो जाने के बाद फिलहाल यहां का चार्ज रामपुर के जिला युवा अधिकारी माया आलम पर है। वह सप्ताह में दो बार आते हैं।

# 10वीं की 50, इंटर की 45 कॉपियां रोज जाचेंगे परीक्षक

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- यूपी बोर्ड की ओर से निर्धारित की गई कॉपियों के मूल्यांकन की सीमा
- 16 मार्च से शुरू मूल्यांकन, सीसीटीवी कैमरे से होगी निगरानी

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य 16 मार्च से प्रारंभ हो रहा है, जो 31 मार्च तक जारी रहेगा। उत्तर पुस्तिकाएं जांचने के लिए माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा गाइड लाइन जारी की गई है। रोजाना एक शिक्षक को हाईस्कूल की 50 और इंटरमीडिएट की 45 कॉपियां जांचनी होंगीं। इस कार्य के लिए 1552 शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। बुधवार को जिले में कॉपियां भी आनी शुरू हो गईं हैं।

हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाएं जांचने के लिए चार कॉलेज हाफिज सिद्दीकी इस्लामिया इंटर कॉलेज, श्री कृष्णा इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज और राजकीय कन्या इंटर कॉलेज को मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है। मूल्यांकन कार्य सीसीटीवी व वायस रिकॉर्डर की निगरानी में होगा। डीआईओएस डॉ. प्रवेश कुमार ने बताया कि सुंदर लिखावट पर एक अतिरिक्त अंक विद्यार्थी को मिलेंगे। शिक्षक को कॉपी के मुख्य पृष्ठ पर इसका उल्लेख करना होगा। मूल्यांकन केंद्र प्रभारी स्कूल के प्रधानाचार्यों को बनाया गया है। बताया कि शिक्षक मूल्यांकन कार्य को लेकर जल्दबाजी न करें। इसके लिए समय निर्धारित किया गया है। हाईस्कूल की 50 और इंटर की 45 कॉपी ही एक शिक्षक एक दिन में जांचेंगे। मूल्यांकन सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक होगा। कोई भी शिक्षक पांच बजे से पहले मूल्यांकन केंद्र नहीं छोड़ेगा। डीआईओएस केंद्र में कॉपियां का रेंडम निरीक्षण भी करेंगे।

### मूल्यांकन कार्य की रोजाना होगी समीक्षा

मूल्यांकन कार्य में किसी प्रकार की शिक्षकों के द्वारा लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसा होने पर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। डीआईओएस ने बताया कि मूल्यांकन के दौरान प्रमुख सचिव प्रतिदिन समीक्षा करेंगे। साथ ही कंट्रोल रूम से निगरानी होगी।

# पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री ने किया पशु चिकित्सालय का शिलान्यास

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** जिले के म्याऊं ब्लॉक क्षेत्र गांव नवीगंज में 69.11 लाख की लागत से पशु चिकित्सालय बनाया जा रहा है। जिसका पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल ने शिलान्यास कर भूमि पूजन किया। इनके साथ आंवला सांसद धर्मेन्द्र कश्यप भी मौजूद रहे। इस दौरान पशुधन मंत्री ने कहा कि पशु चिकित्सालय बनाने के लिए शासन की ओर से 34.55 लाख रुपये की प्रथम किस्त जारी कर दी है। इसके बनने से ग्रामीणों को काफी लाभ पहुंचेगा। इस दौरान उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने पूरे विश्व में भारत का नाम शिखर पर पहुंचाया है। यह भारत का स्वर्णिम युग है। प्रधानमंत्री कर्मयोगी और मुख्यमंत्री जन्म योगी है। गोवंश की सेवा करना हमारा सबका धर्म है। पशुधन मंत्री ने नंदिनी कृषक समृद्धि योजना, बकरी पालन, कुक्कुट योजना आदि योजना की जानकारी ग्रामीणों को दी। आंवला सांसद धर्मेंद्र कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश के गरीबों की उन्नति के लिए कार्य किया है। केंद्र व प्रदेश सरकार सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वास पर कार्य कर रही हैं। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा अशोक भारतीय, राणा प्रताप सिंह, उप जिलाधिकारी दातागंज धर्मेन्द्र कुमार सिंह, सीवीओ डॉ. मोहर सिंह सहित ग्राम प्रधान व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



पशु चिकित्सालय का शिलान्यास करते पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह।

## परिवार परामर्श केंद्र ने एक परिवार बिखरने से बचाया

**बदायूं,अमृत विचार :** सिविल लाइन में आयोजित परिवार परामर्श केंद्र में बुधवार को कुल 12 फइलें लगीं, जिनमें से एक मामले में समझौता कराया गया व 2 फाइलें निरस्त की गयीं। दोनों पक्षों को काउंसलर्स द्वारा ध्यानपूर्वक सुना गया, दोनों की बातों पर विचार किया गया तथा काउंसलर्स द्वारा समझाकर दोनों की आपसी सहमति से समझौता कराया गया। इस दौरान काउंसलर्स अशोक खुराना, शिव स्वरूप गुप्ता, गिरधारी सिंह राठौर, एसडी शर्मा, मधु गौतम सहित परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी उपनिरीक्षक कुमुद, महिला कांस्टेबल कविता व राखी मौजूद रहीं।

# डायलिसिस यूनिट का भवन तैयार, शिफ्ट होंगी मशीनें

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- जिला अस्पताल के एक वार्ड में बनाया गया है 12 बेड का डायलिसिस यूनिट
- शासन से मिली मशीनरी, अलग जेनरेटर से दी जाएगी बिजली सप्लाई।

**अमृत विचार :** डायलिसिस यूनिट लगाने को बनायी गई नई बिल्डिंग में जल्द ही सारी सुविधाएं मुहैया करा दी जाएंगी। नई बिल्डिंग में एक दर्जन डायलिसिस बेड होंगे जिनसे दो दर्जन मरीजों का रोज डायलिसिस किया जा सकेगा।

पिछले साल अगस्त में डीसी डीसी संस्था द्वारा जिला अस्पताल के एक वार्ड में डायलिसिस यूनिट लगाई गई। तीन बेड की डायलिसिस यूनिट कुछ दिनों तक चली उसके बाद इसे बंद कर दिया गया। करीब दो महीने बाद फिर से संस्था ने डायलिसिस यूनिट चालू कर दिया। लेकिन बिजली सप्लाई व्यवस्था ठीक नहीं होने से मरीजों को वापस लौटना पड़ रहा है। यहां पर वर्तमान में जिला अस्पताल की बिजली से ही डायलिसिस मशीनें चलाई जा रही हैं। बिजली बार-बार जाने से मरीजों की डायलिसिस नहीं हो पाती है।

शासन स्तर से अब जिला अस्पताल में डायलिसिस कराने को एक नया भवन बनाया गया है। इसके लिए करीब सात करोड़ का बजट दिया गया था। इस नए भवन में 12 डायलिसिस बेड लगाए जाएंगे जिससे एक दिन में करीब 24 मरीजों का डायलिसिस हो सकेगी। साथ ही डायलिसिस यूनिट लगाने वाली संस्था को आय भी अधिक होगी।

नए भवन में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए संस्था की ओर से जनरेटर लगाया जाएगा। नये भवन में तीन बड़े कमरे हैं पूरी तरह वातानुकूलित होगा।

डायलिसिस यूनिट मैनेजर मनोज ने बताया डायलिसिस यूनिट को बनायी गई नयी बिल्डिंग में अभी मेन गेट और एसी लगना है। इसके साथ ही खिड़की भी लगाई जा रही हैं। नवनिर्मित भवन के पास ही संस्था ने जनरेटर रखने को स्टैंड बनाया है। 15 दिन के अंदर डायलिसिस बेड भी यहां पहुंच जाएंगे। बेड दो दिन में लगाने होंगे। मशीनों को एक अलग वार्ड में लगाया जाएगा। इसके बाद दो टेक्नीशियन भी बढ़ाए जाने हैं।

> जिला अस्पताल में बड़ा डायलिसिस यूनिट लग जाने से कंपनी को प्रतिदिन आय भी अधिक होगी और शासन की मंशा के अनुरूप मरीजों को डायलिसिस की सुविधा दी जाएगी। अब डायलिसिस यूनिट को अलग जगह दी गयी है। जिसमें डायलिसिस बेड, मशीनें आफिस सब कुछ अलग अलग होगा, कंपनी ने इस महीने के अंत तक बारह बेड का डायलिसिस यूनिट चालू करने का भरोसा दिया है। इसके लिए सभी तैयारियां कर ली गयीं हैं।
> –**डा . कप्तान सिंह** – सीएमएस।







शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# दुष्कर्म के आरोपी को आजीवन कारावास एक लाख जुर्माना, दो साल में मिला न्याय

## दोषी पर एक लाख रुपये डाला गया जुर्माना, पीड़िता को दी जाएगी धनराशि

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- फूफा के भाई ने दिया था वारदात को अंजाम, विरोध पर माता-पिता को मारने की दी थी धमकी

**अमृत विचार :** नाबालिग से दुष्कर्म करने के दोषी को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट के न्यायाधीश दीपक यादव ने आजीवन कारावास समेत एक लाख दो हजार रुपए जुर्माना की सजा सुनाई है। जुर्माना की पूरी धनराशि पीड़िता को देने का आदेश दिया है। मामले में दो साल में ही सजा तय हो गई।

23 मार्च 2022 को कोतवाली बिसौली पुलिस को तहरीर देकर ग्रामीण ने बताया था कि उसकी बहन गर्भवती थी। 24 मार्च 2022 को बहन और बहनोई बिसौली के एक प्राइवेट अस्पताल में चिकित्सक को दिखाने चले गए थे। घर पर उनकी 16 साल की दूसरी बहन और उसके फूफा का भाई अंशू और उसके बच्चे थे। रात लगभग डेढ़ बजे अंशू किशोरी के कमरे में जा घुसा। मुंह दबाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। किशोरी के विरोध करने पर उसने धमकी दी कि अगर मुंह खोला तो उसके माता-पिता को मार देगा।

अगले दिन सुबह सभी परिजन पहुंचे तो किशोरी ने घटना की जानकारी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, धमकाने और पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की थी। निरीक्षक बिजेंद्र सिंह ने विवेचना के बाद आरोपी के खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल किया था। न्यायालय में पीड़िता के फूफा के भाई अंशु पुत्र राम सिंह पर मुकदमा चलाया गया। न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य का अवलोकन किया। अभियोजन पक्ष के विशेष लोक अभियोजक अमोल जौहरी और बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलीलों को सुनने के बाद आरोपी अंशु को दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

### नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोपी को तीन साल की सजा

**बदायूं।** छेड़छाड़ के तीन साल पुराने मामले में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट सौरभ सक्सेना ने आरोपी को दोषी पाते हुए तीन साल की कारावास और 10 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। पीड़िता को 90 प्रतिशत धनराशि देने का आदेश दिया है। 15 जुलाई 2021 को थाना इस्लमानगर पुलिस को तहरीर देकर ग्रामीण ने बताया था कि उनकी 17 साल की बेटी शाम छह बजे शौच के लिए खेत पर गई थी। गांव उदयपुर निवासी लल्ला बाबू खेत पर पहुंच गया। उनकी बेटी से छेड़छाड़ और अश्लीलता करने लगा। विरोध करने पर उसने किशोरी को मारापीटा। किशोरी ने घर पहुंचकर पिता को घटना की जानकारी दी। वह शिकायत करने के लिए आरोपी के घर गए तो आरोपी लल्ला बाबू ने उनके साथ गाली-गलौज की। गाली का विरोध करने पर मारपीट पर आमादा हो गया। विवेचना करने के बाद विवेचक ने कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया। न्यायाधीश ने पत्रावली पर साक्ष्यों का अवलोकन किया। विशेष लोक अभियोजक प्रदीप भारती व बचाव पक्ष के अधिवक्ता की बहस सुनने के बाद आरोपी को दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

## शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं त्योहार, पुलिस का करें सहयोग

**कादरचौक, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव और त्योहारों को दृष्टिगत पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया है। एसएसपी के निर्देशन पर आज गांव बेहटा डम्बर और रमजानपुर में पीस कमेटी की बैठक की गयी जिसमें सभी धर्मों के लोगों से आपस में अमन चैन और शांति सद्भाव के साथ त्योहार मनाने की अपील की गई।

थाना कादरचौक के गांव मोहम्मदगंज, बेहटा डंबर नगर, और रमजानपुर में एसओ उदयवीर सिंह ने आगामी त्योहारों तथा लोकसभा चुनाव को देखते हुए व सीएए कानून लागू होने पर रमजानपुर में संभ्रांत व्यक्तियों व धार्मिक व्यक्तियों के साथ पीस कमेटी की बैठक की। आगामी त्योहारों को आपसी सौहार्द एवं शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए लोगों को जागरूक किया। थानाध्यक्ष ने कहा कि गांव के लोग पुलिस का सहयोग करें जिससे क्षेत्र में तरह की कोई अप्रिय घटना न घट सके।

# चालक को नशा सुंघाकर लूट लिया ई-रिक्शा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- उझानी क्षेत्र के गांव अब्दुल्लागंज निवासी आरिफ ने पुलिस को दी तहरीर

**अमृत विचार :** ई-रिक्शा सवार तीन लोगों ने चालक को नशा सुंघाकर उसका ई-रिक्शा लूटकर ले गए। होश आने पर चालक को लूट का पता चला। उसने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली लेकिन कुछ पता नहीं चल सका है।

कोतवाली उझानी क्षेत्र के गांव अब्दुल्लागंज निवासी आरिफ पुत्र आकिल ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं। उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उन्होंने एक माह पहले ही नया ई-रिक्शा खरीदा था। सोमवार को वह ई-रिक्शा लेकर कस्बा उझानी की सब्जी मंडी गए थे। जहां तीन युवक बरेली-मथुरा राजमार्ग तक जाने के लिए सवारी बनकर ई-रिक्शा में बैठे थे। रास्ते में उन तीनों युवकों ने दुकान से शराब खरीदी। पुराने बस स्टैंड के पास शराब पीने का बहाना बनाकर ई-रिक्शा रुकवाया। आरोप है कि आरिफ के मुंह पर रुमाल झाड़ दिया। जिससे वह बेहोश हो गया। तीनों युवक उसका ई-रिक्शा लूटकर ले गए। देर रात तक वह घर नहीं पहुंचे तो परिजन रात लगभग 11 बजे उनकी तलाश में निकले। वह कछला मार्ग पर ज्यारत के पास पड़े मिले। कुछ देर के बाद चालक को होश आया तो पास में ई-रिक्शा नहीं था। इधर-उधर तलाश करने के बाद भी ई-रिक्शा का पता नहीं चल सका। आरिफ के अनुसार उनके ई-रिक्शा का रजिस्ट्रेशन भी नहीं हो पाया था। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि जांच की जा रही है। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

## एक नजर

### तीन दिवसीय भ्रमण पर आएंगे शिवपाल सिंह यादव



**बदायूं।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष आशीष यादव ने बताया कि सपा से बदायूं लोकसभा के प्रत्याशी व पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव तीन दिवसीय भ्रमण पर गुरुवार को आएंगे। सुबह 11 बजे वह कछला बॉर्डर, कछला, दहेमू, फूलपुर, छतुईया, उझानी के कृषि विज्ञान केंद्र, घंटाघर, एपीएस कोल्ड स्टोरेज के सामने बैंकट हॉल पर पहुंचेंगे। जहां पत्रकारों से वार्ता करने के बाद निकल जाएंगे। जिसके बाद जिरौली, नौशेरा, बालाजी मंदिर, बड़े सरकार पर चादरपोशी करेंगे। शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव के आवास पर पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं से बात करेंगे। रात्रि विश्राम करेंगे। जिलाध्यक्ष ने पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं से कछला पहुंचने का आह्वान किया है।

### फंदे से लटका मिला सिक्योरिटी गार्ड का शव

**बदायूं।** थाना उसहैत क्षेत्र के गांव उघैला निवासी शेर बहादुर सिंह उर्फ करु सिंह (35) गाजियाबाद में रहकर सिक्योरिटी गार्ड का काम करते थे। उनके परिवार में कोई नहीं है। वह अकेले ही रहते थे। दो दिन पहले वह गांव लौटकर आए थे लेकिन इसके बाद उन्हें किसी ने नहीं देखा। बुधवार शाम पड़ोसियों ने उनके घर में झांका तो उनका शव फंदे पर लटका था। लोगों की सूचना पर पुलिस पहुंची। दरवाजा तोड़कर शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## होली से पहले मानदेय नहीं मिला तो करेंगे हड़ताल




बीडीओ को ज्ञापन सौंपते रोजगार सेवक। ● अमृत विचार

संवाददाता, कुंवरगांव

**अमृत विचार :** रोजगार सेवकों को पांच माह से मानदेय व ईपीएफ, एचआर पॉलिसी का लाभ नहीं मिल रहा है। रोजगार सेवकों ने चेतावनी दी है कि यदि होली तक मानदेय नहीं दिया गया तो वह लोग काम बंद कर हड़ताल करने को बाध्य होंगे।

बुधवार को सालारपुर ब्लॉक के समस्त रोजगार सेवकों ने ब्लॉक कार्यालय पर पहुंचकर खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि उन लोगों को पांच माह से मानदेय नहीं मिला है जिससे वह लोग त्योहार नहीं मना पाएंगे इसलिए उन लोगों को होली से पहले ही उनका पिछला पूरा मानदेय दिया जाए अन्यथा हड़ताल करने को बाध्य होंगे। इस मौके पर उमेश चंद्र, नवाब अहमद, अमित कुमार, धर्मवीर, अनमोल, सुरेन्द्र सिंह, देवेंद्र, आराम सिंह आदि मौजूद रहे ।

## तीन तलाक मामले में आरोपी की जमानत खारिज

**बदायूं, अमृत विचार :** कोतवाली सदर क्षेत्र के मोहल्ला चाहमीर निवासी मोहम्मद फारुख खां की बेटी इफ्फत खां का निकाह मोहल्ला सोथा निवासी सरताज अली पुत्र इरशाद अली के साथ हुआ था। शादी के समय सरताज ने खुद को संविदा चिकित्सक बताया था। फारुख खां ने शादी में तकरीबन 80 लाख रुपये खर्च किए थे। इसके बाद भी ससुरालीजन दान दहेज से संतुष्ट नहीं थे। 20 लाख रुपये की मांग करते हुए इफ्फत खां को प्रताड़ित करने लगे। महिला गर्भवती थी इसके बाद भी ससुरालीजनों ने उसे बुरी तरह से पीटा। तीन बार तलाक बोलकर घर से निकाल दिया। धमकी दी कि अगर दोबारा घर आई तो जान से मार देंगे। महिला की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई थी। महिला के पति ने जमानद के लिए याचिका दायर की थी। अपर सत्र न्यायाधीश सुनीता चंद्रा ने मामले को गंभीर मानते हुए जमानत याचिका खारिज की है।

# सड़क निर्माण का श्रेय लेने के लिए नगर पंचायत चेयरमैन और विधायक में खींचतान

संवाददाता, इस्लामनगर

- पहले सड़क निर्माण करने के लिए दोनों ओर से हो रहा प्रयास
- पाइप लाइन बिछने के चलते रुका निर्माण कार्य, हो रहा जलभराव

**अमृत विचारः** नगर पंचायत के एक मोहल्ले में 15वें वित्त से एक सड़क का निर्माण कराने के लिए नगर पंचायत ने स्वीकृति प्रदान की हुई है। वहीं क्षेत्रीय विधायक ने भी अपनी निधि से कार्य कराने के लिए प्रस्ताव स्वीकृत कर उसका शिलान्यास कर दिया है।

नगर में अमृत योजना के तहत पेयजल पाइप लाइन डालने का काम कार्यदायी सिडको द्वारा किया रहा है। पाइप लाइन डालने के लिए कार्यदायी संस्था ने सड़क को खोदकर डाल दिया है। जिसकी वजह से नगर के कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। जिसमें सबसे अधिक स्थिति नगर के मोहल्ला सराय की खराब है। इस मोहल्ले का करीब 120 मीटर का हिस्सा अधिक खराब होने की वजह से जलभराव हो गया है। लोगों को आने जाने में दिक्कत हो रही है। नगर पंचायत इस सड़क का निर्माण कराने के लिए 15वें वित्त निधि से प्रस्ताव को डीएम की कमेटी से स्वीकृत करा लिया। वहीं लोगों की समस्या को देखते हुए विधायक ब्रजेश यादव ने इसी सड़क का निर्माण कराने के लिए अपनी निधि से प्रस्ताव पास करा कर उसका शिलान्यास करा लिया। ऐसी स्थिति होने की वजह से विवाद उत्पन्न हो गया है। एक ओर नगर पंचायत प्रशासन जल्द से जल्द टेंडर जारी कर निर्माण कराने का प्रयास कर रहा है वहीं विधायक भी परियोजना निदेशक को पत्र लिखकर काम शुरू कराने का आग्रह कर रहे हैं।



विधायक ब्रजेश यादव ने फीता काटकर किया था सड़क का शिलान्यास।

> मोहल्ला सराय में करीब 120 मीटर का हिस्सा अधिक खराब है। वहां जलभराव रहता है। इस रोड का निर्माण कराने को 15वें वित्त निधि से कराने लिए प्रस्ताव का अनुमोदन डीएम की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा दिया चुका है। हाल में इस रोड का निर्माण कराने के लिए क्षेत्रीय विधायक ने भी अपनी निधि से प्रस्ताव स्वीकृत कराया है। इस रोड का निर्माण पंचायत के द्वारा ही किया जाएगा। एक सप्ताह के अंदर काम शुरू करा दिया जाएगा। **-मुशाहिद अली**, चेयरमैन पति।

> कस्बे की जनता की परेशानी को देखते हुए अपनी निधि से यह सड़क स्वीकृत कराई है। नगर पंचायत चेयरमैन ने इस कार्य को रोकने के लिए अधिकारियों को पत्र लिखे हैं। इस सड़क पर पानी भरा रहता है लोगों को आने जाने में परेशानी आ रही है।
> **-ब्रजेश यादव**, विधायक सहसवान।

## बिना एप्रिन, ग्लब्स पहने बनाया मध्याह्न भोजन तो होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- परिषदीय विद्यालयों में एप्रिन और ग्लव्स पहनकर खाना बनाने का है नियम
- दोनों चीजों की खरीदारी के लिए शासन से 700 रुपये प्रति स्कूल का बजट जारी

**अमृत विचारः** परिषदीय स्कूलों में कार्यरत रसोईयां बिना एप्रिन और ग्लव्स के खाना बनाते हुए नहीं नजर नहीं आएंगी। अगर ऐसा होता पाया जाता है तो उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। इन चीजों को खरीदने के लिए शासन की ओर से प्रति स्कूल सात सौ रुपये के हिसाब से विभाग बजट भेजा गया है। जिसे एसएमसी खाते में भेजा जाना शुरू कर दिया है।

जिले में 2155 प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूल संचालित हैं। इनमें करीब 3.42 लाख बच्चे अध्ययनरत हैं। इन बच्चों को दोपहर का खाना बनाने के लिए छह हजार से अधिक रसोईयां कार्य कर रहीं हैं। नियम है कि कोई रसोइया बिना एप्रिन, ग्लबस कैप पहने खाना नहीं बनाएगी। इसके लिए हर साल शासन की ओर से बजट जारी किया जाता है। इस बार भी शासन की ओर से रसोइयों को एप्रिन, ग्लव्स और कैप खरीदने के लिए करीब 1,508,500 रुपये का बजट जारी किया है। शासन से मिली इस धनराशि को प्रति स्कूल सात सौ रुपये के हिसाब से एसएमसी खाते में भेजा जा रहा है। वहीं बीएसए ने रसोइयों के लिए चेतावनी दी है कि अगर कोई रसोइया बिना एप्रिन और ग्लव्स पहने खाना बनाती पाई जाती है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

> रसोइयों के लिए एप्रिन आदि खरीदने के लिए शासन की ओर से बजट भेजा गया है। इस धनराशि को सात सौ रुपए प्रति स्कूल के हिसाब से भेजा जा रहा है। **-स्वाती भारती**, बीएसए।

# छठे दिन मिला गंगा में डूबे युवक का शव

संवाददाता, उसहैत

- महाशिवरात्रि के दिन अटैना गंगा घाट पर साथी को बचाने में गंगा में डूब गया था गिरीश
- जिला फर्रुखाबाद के थाना कंपिल क्षेत्र के गांव कुंदन नगला के पास गंगा में उतराता मिला शव



मृतक गिरीश।

**अमृत विचार :** साथी को बचाने के दौरान गंगा में लापता हुए युवक का शव छठे गंगा में मिला गया है। शव उसके डूबने की जगह से तकरीबन चार किलोमीटर दूर जिला फर्रुखाबाद के थाना कंपिल क्षेत्र के गांव कुंदन नगला के पास गंगा में उतराता मिला। जो बुरी तरह से फूल किया था। शव मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने अटैना गंगा घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया।

कस्बा उसहैत के मजरा मियारी निवासी गिरीश महाशिवरात्रि के दिन पड़ोस में रहने वाले नन्हें ठाकुर और अन्य 20 ग्रामीणों के साथ अटैना घाट पर गंगा स्नान करने गए थे। गिरीश गंगा स्नान करके बाहर निकल आए। जिसके बाद नन्हें ठाकुर स्नान करने के लिए गए थे। गंगा में उनका पैर फिसला और वह डूबने लगे। गिरीश ने गंगा में छलांग लगा दी और नन्हें ठाकुर को सकुशल बचा लिया लेकिन वह खुद गंगा की तेज धार में बह गए। दो दिन तक गोताखोरों ने गंगा में गिरीश की तलाश की। युवक के न मिलने पर परिजन और ग्रामीणों ने एसडीएम दातागंज धर्मेंद्र कुमार से एसडीआरएफ टीम से युवक की तलाश कराने की मांग की थी। एसडीएम ने एसडीआरएफ टीम बुलाई। सोमवार और मंगलवार को टीम ने गंगा में कई किलोमीटर तक युवक की तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चला। बुधवार सुबह गिरीश का शव जिला फर्रुखाबाद के थाना कंपिल क्षेत्र के गांव कुंदन नगला के पास गंगा किनारे पानी में उतराता मिला। उसहैत प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह, चौकी इंचार्ज मनोज कुमार, उपनिरीक्षक हरवीर सिंह पहुंचे। शव का पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम हाउस से शव ले जाकर परिजनों ने सीधे अटैना गंगा घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक की पत्नी वीरावती और दो बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। एसडीएम ने मृतक के परिवार को मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया है।



पति का शव मिलने पर गमगीन बैठी मृतक की पत्नी वीरावती और बच्चे।

## हाईटेंशन तार टूट कर भैंस पर गिरा, मौत

**उसहैत, अमृत विचार :** खेत पर खूंटे से बंधी भैंस के ऊपर हाइटेंशन लाइन का तार टूटकर कर गिरने से भैंस की मौत हो गई। थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह के आदेश पर पशु चिकित्सा उपकेंद्र पर तैनात फार्मासिस्ट ने भैंस के शव का पोस्टमार्टम कराया है।

पशु स्वामी प्रमोद कुमार ने लाइनमैन ब्रजेश पर लाइन न बंद करने व लापरवाही का आरोप लगाते पुलिस को तहरीर दी है। प्रमोद कुमार ने बताया कि बुधवार को उसकी भैंस खेत में बंधी थी तभी हाईटेंशन लाइन का तार टूट कर उसके ऊपर गिर गया जिससे भैंस की मौके पर ही मौत हो गयी। विद्युत उपकेंद्र पर तैनात कर्मचारियों का कहना है कि दलेलनगर फीडर पर फाल्ट आने से फीडर पर ट्रिपिंग हुई इसके बाद तार टूटने की सूचना मिली। इसी दौरान प्रमोद पुत्र नत्थू अपने भाई रवि, प्रदीप समेत अन्य लोगों के साथ लाठी डंडे लेकर आ गए वह लोग मारपीट करने लगे । पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# भाजपा सांसद के बयान की वकीलों ने की आलोचना



बैठक के दौरान विचार विमर्श करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- भाजपा सांसद ने 4 सौ सीटें जीतकर संविधान बदलने को लेकर दिया था बयान

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय अधिवक्ता संघ की मासिक बैठक कैंप कार्यालय पर संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रेम शंकर ने की। संचालन एडवोकेट सत्य प्रकाश आर्य ने किया। इस दौरान संगठन को मजबूत करने के लिए संगठन पदाधिकारियों को तहसील के संयोजकों के साथ लगाकर जिम्मेदारी दी गई। अधिवक्ताओं ने भाजपा के सांसद अनंत कुमार हेगड़े के 400 सीटें जीत कर संविधान बदलने के बयान की आलोचना की। कहा इस तरह के बयान देने वालों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट के द्वारा कार्रवाई की जानी चाहिए। बैठक में पवन गौतम, राजेंद्र सिंह, राजीव पाल एडवोकेट, अवधेश गौतम एडवोकेट, चिरंजीलाल एडवोकेट, रिंकू वर्मा एडवोकेट सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

# सीमा सील कर पुलिस ने रात भर वाहनों की ली तलाशी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** आगामी त्योहार और लोकसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर जिले की सभी सीमाओं को मंगलवार रात सील कर दिया गया। रात भर बैरियर लगाकर वाहनों की तलाशी ली गई। किसी के पास भी अप्रिय वस्तु नहीं मिली।

चुनाव की तैयारी और सीएए लागू होने के बाद से जिला और पुलिस प्रशासन के अधिकारी ज्यादा सक्रिय हैं। क्षेत्र में पैदल गश्त करके सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। एसएसपी आलोक प्रियदर्शी के आदेश पर मंगलवार को पुलिस ने रात भर चेकिंग अभियान चलाया। जिले की सीमाओं को बैरियर लगाकर सील कर दिया गया। वहां से गुजरने वाले बाइक और चार पहिया वाहनों को रोका। लोगों की तलाशी ली और वाहनों को भी चेक किया। गांव और कस्बों में चीता मोबाइल घूमी। रात में टहल रहे लोगों को रोककर पूछताछ की। उनका नाम और पता के बारे में जानकारी की। बुधवार को पीस कमेटी की बैठक में धर्मगुरु और संभ्रांत लोगों को सीएए की विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया गया। अफवाहों पर ध्यान न देने और त्योहार शांतिपूर्ण रूप से मनाने को कहा।



बाइक के बैग की चेकिंग करता पुलिसकर्मी।

- एसएसपी के आदेश पर जिले की सीमा पर पुलिस ने की वाहनों की चेकिंग




कार की तलाशी लेती थाना इस्लामनगर पुलिस।

### 12 अप्रैल तक जिले में लागू रहेगी धारा 144

एडीएम प्रशासन रेनू सिंह ने बताया कि मार्च व अप्रैल में रमजान, होलिका दहन, गुड फाईडे, ईद-उल-फितर, अलविदा, महर्षि कश्यप व महाराजा निषाद राज गुहय जयंती, नवरात्रि, चंद्रशेखर जयंती, महावीर जयंती आदि त्योहार मनाए जाएंगे। साथ ही ही विश्वविद्यालय की व अन्य परीक्षाएं प्रस्तावित हैं। संभव है कि अराजक समाज विरोधी, शरारती, सांप्रदायिक एवं आपराधिक प्रवृत्ति के लोग अफवाहें फैलाकर सामाजिक समरता, सद्भाव व कानून एवं शांति व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास कर सकते हैं। जिसके चलते जिले में 12 अप्रैल तक धारा 144 लागू रहेगी।

## बिना टिकट यात्रा कराने पर परिचालक की संविदा समाप्त

**बदायूं, अमृत विचार :** बरेली की टीम ने बदायूं-दातागंज मार्ग पर रोडवेज और अनुबंधित बसों की चेकिंग की थी। परिवहन निगम की अनुबंधित बस गांव गुलड़िया पहुंची। टीम ने बस में सवार यात्रियों की गिनती की। बस में 17 यात्री सवार थे जबकि नौ यात्रियों के पास टिकट नहीं थे। जिन्हें दातागंज के चार, नई सराय के दो, गुलड़िया के तीन यात्री शामिल थे। पूछताछ में यात्रियों ने बताया कि बस के परिचालक ने उनसे टिकट के रुपये लिए हैं लेकिन टिकट काटकर नहीं दिया। बस के चालक गजेंद्र और परिचालक अमृत लाल थे। पूछने पर परिचालक बहानेबाजी करने लगा। टीम ने क्षेत्रीय प्रबंधक को रिपोर्ट दी। जिसके चलते परिचालक अमृत लाल की संविदा समाप्त की गई है।

# लाउडस्पीकर से मिलेगी ट्रेनों की जानकारी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** रेलवे स्टेशन पर काफी समय से सौंदर्यीकरण का कार्य चल रहा है। प्लेटफार्म नंबर दो को ठीक करने के बाद उसका भी सौंदर्यीकरण शुरू कर दिया गया है। सबसे पहले यहां लाउडस्पीकर लगाए जा रहे हैं। जिससे इस प्लेटफार्म पर आने वाली ट्रेनों की जानकारी यात्रियों को दी जा सके। इसके साथ ही यात्रियों को अन्य जानकारियां भी लाउडस्पीकर से दी जाएंगी। इस समय यहां पर ट्रेनों के रुकने और आने-जाने के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पा रही है। प्लेटफार्म नंबर एक से ही यात्रियों को सूचना दी जा रही है। अब यहां पर अलग से सभी व्यवस्थाएं की जा रहीं हैं। प्लेटफार्म दो पर टाइल्स लगाने के बाद बिजली की व्यवस्था भी कर दी गयी है। यात्रियों को बैठने के लिए बेंचें भी बनाई गई हैं। पेयजल सुविधा के लिए प्याऊ लगाया गया है। प्लेटफार्म दो के पीछे वाली सड़क को भी जल्द ठीक किया जाएगा, जिससे इधर ट्रेन पर उतरने-चढ़ने वाले यात्रियों को किसी तरह की परेशानी न हो।



प्लेटफार्म नंबर दो लाउडस्पीकर लगाते कर्मचारी।

> प्लेटफार्म नंबर दो पर सौंदर्यीकरण का कार्य चल रहा है। जो करीब दो महीने में पूरा कर लिया जाएगा। अभी कई कार्य होने शेष हैं। प्लेटफार्म पर लाइट लग चुकी है। इस समय लाउडस्पीकर लगाए जा रहे हैं, इसके बाद कोच गाइडेंस सिस्टम भी लगाए जाएंगे जिससे एसी कोच की पूरी जानकारी यहां पर भी मिल सकेगी।
> **-जाकिर अली** - आई डब्लू।

### लगेगी समय सारिणी

प्लेटफार्म नंबर दो पर जो ट्रेनें आती हैं उनकी समय सारिणी भी यहां पर लगाई जाएगी। उस पर ट्रेनों के आने-जाने की पूरी जानकारी अंकित होगी जिससे यात्रियों को यहीं पर पूरी जानकारी मिल सकेगी। प्लेटफार्म पर सुरक्षा को लेकर पीछे की दीवार भी बनाई जाएगी। जिससे रात के समय कोई बाहरी व्यक्ति यहां पर न पहुंच सके। सुरक्षा के लिहाज से फिलहाल कोई प्रबंध नहीं किया गया है। यहां पर इधर उधर के लोग भी घूमते देखे गए हैं जिनसे रेलवे प्रशासन को क्षति होने का भय बना रहता है। यह सभी कार्य अमृत भारत योजना के तहत कराए जा रहे हैं।

हर दर्द का इलाज करते हैं
डॉ. रूप किशोर
समय प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक
गठिया
फालिज
जोड़ों एवं नसों का दर्द
झनझनाहट
सुन्नपन
फातिमा हॉस्पिटल
जगतपुर रोड, बरेली
9267043010

# 95 लाख से ज्यादा नहीं खर्च कर सकेंगे प्रत्याशी, रखना होगा खर्च का हिसाब

## कार्यशाला के दौरान निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारियों-कर्मचारियों को दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** प्रशासन लोकसभा चुनाव की तैयारी तेजी के साथ पूरा कर रहा है। लोकसभा चुनाव में निष्पक्ष व पारदर्शी निर्वाचन के लिए डायट स्थित प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन बुधवार को किया गया। लोकसभा निर्वाचन में प्रत्याशी के व्यय की सीमा 95 लाख रुपये निर्धारित की गई है।


निर्वाचन आयोग के निर्देशों की जानकारी देते सीडीओ केशव कुमार।

जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार और कार्मिक अधिकारी केशव कुमार ने कहा कि नामांकन की तिथि से प्रत्याशियों के सभी खर्चे जोड़े जाते हैं। 50 हजार से अधिक की नगदी ले जाने पर संबंधित को उसके साक्ष्य देने होंगे। प्रशिक्षण कार्यशाला में व्यय निगरानी, उड़न दस्ता, वीडियो निगरानी, वीडियो अवलोकन व स्टेटिक निगरानी टीम के सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया।कार्मिक अधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम (ईएसएमएस) बनाया गया है जिसमें शराब, गांजा व धन आदि की जब्ती पर उसकी एंट्री कराई जाएगी तथा इसके बाद संबंधित विभागीय अधिकारी उस पर प्रभावी कार्रवाई करेंगे। किसी भी प्रकार के सीजर (जब्ती) पर संबंधित को आवश्यक रूप से रसीद उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष चुनाव के लिए जो टीमें गठित की गई हैं, वह सभी एक-दूसरे का मोबाइल नंबर आपस में रखें और तालमेल से काम करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन रेनू सिंह, नगर मजिस्ट्रेट अरुण कुमार, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राममोहन सिंह आदि मौजूद रहे।

### चुनाव के दौरान कराई जाएगी वीडियोग्राफी

डायट स्थित ऑडिटोरियम में हुई कार्यशाला के दौरान सीडीओ ने कहा कि प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए एक या अधिक वीडियो निगरानी टीम तैनात की जाएगी। इसमें कम से कम एक अधिकारी और एक वीडियोग्राफर शामिल होंगे। यदि आवश्यक हो तो व्यय पर्यवेक्षक की अनुशंसा पर और टीमें भी तैनात की जा सकती हैं। सहायक व्यय पर्यवेक्षक द्वारा निर्वाचन क्षेत्र में संवेदनशील घटनाओं और बड़ी सार्वजनिक रैलियों की वीडियोग्राफी की व्यक्तिगत रूप से निगरानी की जाएगी। यदि एक ही दिन में एक से अधिक सार्वजनिक रैली आयोजित की जाती है, तो जुलूस और रैली को रिकॉर्ड करने के लिए एक से अधिक वीडियो टीमें तैनात की जाएंगी।

## रुद्र पाराशरी ने बरेली में जीता गोल्ड मेडल

**दबतरा,अमृत विचार:** साधारण परिवार में जन्मे रुद्र पाराशरी ने ओलंपियाड एनएसओ प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीत कर जिले व गांव का नाम रोशन किया है।


गोल्ड मेडल के साथ छात्र रुद्र पाराशरी

रुद्र पाराशरी ने स्कूल में फर्स्ट रैंक व बरेली सिटी में 18वीं रैंक, जोनल रैंक 121, रीजनल रैंक 353, इंटरनेशनल रैंक 461 पार कर क्षेत्र एवं जिले का नाम रोशन किया है। बेदी इंटरनेशनल स्कूल बरेली परिवार की ओर से रुद्र पाराशरी को गोल्ड मेडल प्रदान किया गया है। इस सफलता पर परिवार में खुशी की लहर है । रुद्र पाराशरी को जब गोल्ड मेडल दिया गया तो उनकी मां मधु शर्मा व पिता प्रदीप पाराशरी की खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

# युवाओं में क्रांतिकारी परिवर्तन करने की होती है अद्भुत क्षमता

संवाददाता, उझानी

**अमृत विचार :** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा का भव्य कलश यात्रा के साथ आरंभ हुआ। पीत वस्त्र धारी मातृ शक्तियों और देवकन्याओं ने सिर पर कलश धारण कर नगर के मुख्य मार्गों से कलश यात्रा निकाली। गायत्री परिजन नत्थू लाल शर्मा, भवेश शर्मा और पंकज कुमार ने वेद मंत्रोच्चारण कर शक्ति कलश का पूजन कराया। लीलाधर शर्मा ने कहा कि श्रेष्ठ संस्कारों से मानव में देवत्व जागेगा और अंतःकरण पवित्र होगा। युवाओं में क्रांतिकारी परिवर्तन करने की अद्भुत क्षमता है। सही दिशाबोध मिले तो ऊंचे दर्जे के कार्य करेंगे और इतिहास रचेंगे। भव्य कलश यात्रा गाजे


नगर में कलश यात्रा निकालतीं पीत वस्त्र धारी महिलाएं।

- महायज्ञ में लीलाधर शर्मा ने युवाओं को किया जागरूक

बाजे के साथ प्रज्ञा गीतों की धुन पर नगर के कृष्णा कालोनी, पंजाबी कॉलोनी, श्री नारायणगंज, लिंक रोड, स्टेशन रोड, घंटाघर, सब्जी मंडी होती हुई यज्ञ स्थल पर पहुंची। श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। इस मौके पर सुरेंद्र पाल, सुखपाल शर्मा, भुवनेश शर्मा, नरेंद्र कुमार, ममता शर्मा, दया शर्मा, राजेंद्र पाल सिंह, अनवीर सिंह, ओम प्रकाश आदि मौजूद रहे।

# पेंटिंग में याशिका और स्लोगन में करन को मिला प्रथम स्थान


प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते बच्चे। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि संरक्षण विभाग ने ईट राइट क्रिएटिविटी चैलेंज के तहत प्रतियोगिताओं का आयोजन शहर के शिवदेवी विद्या मंदिर में किया गया। विजेता बच्चों को नगद सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न स्कूलों से आए कक्षा तीन से 12 तक के बच्चों ने प्रतिभाग किया। पेंटिंग एवं पोस्टर प्रतियोगिता में बाबा इंटरनेशनल स्कूल बिल्सी की छात्रा याशिका सिंह को प्रथम, डिबेट प्रतियोगिता इसी स्कूल के छात्र मनु उपाध्याय जीती। स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में श्रीराम सरस्वती इंटर कालेज के करन गुप्ता, स्पीच प्रतियोगिता में शिव देवी सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कालेज के अरुण सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय सीएल यादव, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी धनंजय कुमार शुक्ला आदि मौजूद रहे।

Lifelines OF BAREILLY
MEDICAL
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
स्वास्थ्य जाँच पैकेज की व्यापक रेंज
जांचों पर विशेष छूट
समस्त प्रकार की खून जांचे उपलब्ध
39-बी, एकता नगर, चाट बाजार के पास, नीरज लाईफ केयर हॉस्पिटल के सामने, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

यशस्वी क्लीनिक
डॉ. अनिल मिश्रा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
डायबिटीज एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
मो. 9896567597
स्वास्थ्य परामर्श
- डेंगू, टायफाइड, मलेरिया का उचित इलाज
- दिल सम्बन्धित बीमारियां
- शुगर, ब्लडप्रेशर, सीने में दर्द
- बुखार, खांसी, सांस सम्बन्धित बीमारियां
- थायराइड, गठिया, खून की कमी
- जिगर, पेट, लीवर, अल्सर, भूख न लगना, वजन घटना, कब्ज, उल्टी एवं दस्त की बीमारी
- दिमागी बुखार, मिर्गी के दौरे, एन्सेफलाइटिस,
- लकवा, स्ट्रोक, सर दर्द, माइग्रेन
- गुर्दे एवं पेशाब की तकलीफ, गुर्दे की पथरी, प्रोस्टेट का बढ़ना, पेशाब में खून आना व जलन।
समयः प्रातः 9:30 से 2:00 बजे एवं सायं 5:00 बजे से 8:00 बजे तक रविवार को अवकाश रहेगा।
पताः- फैज़ हास्पिटल के सामने बेसमेन्ट में, 100 फुटा रोड, बरेली
सम्पर्क सूत्रः- 7895161674, 7906502059

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पताः- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

# वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किए मनमोहक कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** विकासखंड जगत क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय मझिया में बुधवार को वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के दौरान शैक्षिक सत्र 2023-24 में विभिन्न क्षेत्र में अग्रणी रहे छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

वार्षिकोत्सव का आरंभ इंचार्ज प्रधानाध्यापक ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। बच्चों ने सरस्वती वंदना समेत अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मनमोह लिया। कक्षा 6 और 7 के बच्चों ने कक्षा 8 के बच्चों का तिलक लगाया। इंचार्ज प्रधानाध्यापक गीता सिंह ने वार्षिक


बच्चों के साथ खडे शिक्षक और अन्य कर्मचारी। ● अमृत विचार

- उच्च प्राथमिक विद्यालय मझिया में मनाया वार्षिकोत्सव

उत्सव के महत्व पर प्रकाश डाला और सभी बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष सहदेव सागर ने भी अपने विचार व्यक्त किए। वहीं वर्ष 2023-24 के शैक्षिक सत्र में विभिन्न क्षेत्र में मेधावी बच्चों को विभिन्न उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका नमिता राठौर, शिक्षिका प्रतिभा सिंह, श्वेता गुप्ता, शिक्षक राजीव कुमार, अनुदेशक करुणेश, मिथलेश और कुसुम लता आदि मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**बिसौली।** कोतवाली बिसौली क्षेत्र के गांव पैगाभीकमपुर निवासी रानू (18) पुत्र कुंवरपाल उनके गांव निवासी रोहित पुत्र रंजीत के साथ किसी काम से कस्बा जा रहे थे। कस्बा में किसी वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में रानू की मौके पर मौत हो गई जबकि रोहित गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने रानू के परिजनों को सूचना दी। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया है।

## आरोपियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो करेंगे पलायन

**विजय नगला।** थाना बिनावर क्षेत्र के गांव फतेहपुर निवासी छत्रपाल ने तहरीर देकर बताया कि गांव के कुछ लोग उनसे रंजिश मानते हैं। आए दिन उनके नुकसान करते रहते हैं। उन लोगों ने छत्रपाल के निजी नलकूप पर लगे ट्रांसफार्मर से तेल चोरी कर लिया। पुलिस से शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर आरोपियों पर कार्रवाई नहीं की गई तो वह गांव से पलायन कर जाएंगे।

## समावेशी शिक्षा पर शिक्षकों ने रखी अपनी राय



**बदायूं।** पांच दिवसीय द्वितीय चरण समावेशी शिक्षा के लिए नोडल टीचर प्रशिक्षण ब्लॉक संसाधन केंद्र असरासी, कादरचौक में आयोजित किया गया। चतुर्थ दिवस पर नोडल टीचर ने प्रार्थना कर प्रशिक्षण आरंभ किया। प्रशिक्षक सुरेश मिश्रा ने शारीरिक एवं दिव्यांग बालक, दृष्टि बाधित, श्रवण बाधित, वाक्दोष बाधित, अस्थिबाधित, अधिगम अक्षमता- पढ़ने, लिखने, बोलने (डिस्लेक्सिया, डिसग्राफिया, डिस्केलकुलिया) पर चर्चा की। प्रशिक्षक संतोष राय, इंदल कुमार ने असमर्थ एवं विशेष आवश्यकताओं वाले बालकों की समेकित शिक्षा में शिक्षक का योगदान विषय पर चर्चा की। प्रशिक्षणार्थियों में जमीर अहमद, विनीत सोलंकी, अनीस अहमद खान, ललित कुमार माहेश्वरी, अहमद मियां, सौरभ, समीर साहिल, जॉनी भास्कर, सोवरन सिंह, पवन थारू, रूबी त्यागी, योगेश कुमार शर्मा, रजा अहमद, गुलाब सिंह यादव, मुकेश, विपिन प्रताप मौर्य, मोहम्मद नवेद, कविता, सुभाष, शिव कुमारी शाक्य, मिस राधा माहेश्वरी, प्रेम सिंह, जावेद हैदर, सुनील कुमार, प्रवीण, मदनपाल, अजय कुमार, नेहा साहू आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### स्वतंत्र प्रकाश गुप्ता के राज्य सूचना आयुक्त बनने पर जताया हर्ष



**बदायूं।** जिला वार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ता स्वतंत्र प्रकाश गुप्ता को राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने राज्य सूचना आयुक्त के पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। स्वतंत्र प्रकाश गुप्ता शहर की मधुबन कॉलोनी के रहने वाले हैं। वह 35 वर्ष से फौजदारी की वकालत से जुड़े हैं। बदायूं से इस महत्वपूर्ण पद पर पहुंचने वाले स्वतंत्र प्रकाश पहले व्यक्ति हैं। स्वतंत्र प्रकाश गुप्ता के राज्य सूचना आयुक्त बनने पर अधिवक्ताओं ने खुशी जताई।

### औषधि निरीक्षक का दवा व्यापारियों ने किया स्वागत



**बदायूं।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के कार्यालय पर जिला अभिहित अधिकारी प्रदीप यादव एवं मुख्य निरीक्षक खाद्य एवं आपूर्ति विभाग धनंजय शुक्ला की उपस्थिति में सहारनपुर से स्थानांतरित होकर आये औषधि निरीक्षक लव कुश प्रसाद का स्वागत औषधि विक्रेता संघ द्वारा किया गया। स्वागत समारोह में अखिल रस्तोगी जिला अध्यक्ष औषधि विक्रेता संघ, शिव स्वरूप गुप्ता जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय उद्योग व्यापार परिषद, हेमंत सारस्वत,अशोक नारंग, रंजीत सिंह, आदि दवा व्यापारी उपस्थित रहे। दवा व्यापारियों ने कहा कि लवकुश प्रसाद को पूरा सहयोग किया जाएगा। उनके आने से व्यापारियों को उनका मार्गदर्शन मिलेगा।

### शारदा एप के जरिए कराएं बच्चों का एडमिशन



**वजीरगंज।** ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन ग्रीन हाउस में किया गया। कार्यक्रम का आरंभ ब्लॉक प्रमुख गुड्डी देवी और खंड विकास अधिकारी अखिलेश कुमार चौबे ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। खंड शिक्षा अधिकारी उमेंद्र दत्त त्रिपाठी ने कहा कि शारदा एप के जरिए बच्चों का नामांकन कराएं, जिनका नामांकन अभी तक नहीं हुआ है उनका दाखिला हर हाल में किया जाए, जिससे कोई भी बच्चा पढ़ाई से वंचित न रह जाए। ब्लॉक के सभी ग्रामों से आए प्रधानों एवं विद्यालयों के एसएमसी अध्यक्षों को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन हिलाल बदायूंनी ने किया। प्रधानाध्यापकों को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर अमित, नीरज, नरेश, सुजीत, योगेंद्र, एआरपी महिपाल टंडन, सुभाष शंखधार, भागीरथ, डॉ. राजेंद्र कुमार शर्मा, मंत्री सलमान खान, अध्यक्ष विनेश मिश्रा, धीरज आदि का विशेष सहयोग रहा।

### विधायक ने योजनाओं का किया शिलान्यास व लोकार्पण



**बदायूं।** सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता ने बुधवार को नगर में डूडा के माध्यम से लगभग 65 लाख की लागत से बनाई गई 11 सड़कों का लोकार्पण किया, जिसमें मोहल्ला पटियाली सराय, नई सराय, विजयनगर कालोनी, लोटनपुरा, गांधी ग्राउंड, मड़ई चौक शेखपट्टी, सहारा पैलेस आदि मोहल्ले की सड़कें शामिल हैं। इसके साथ-साथ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मालगांव में श्मशान भूमि, भूरीपुर में बारातघर, उजौली में बाबा साहब पार्क का सौंदर्यीकरण, सहोरा एवं ललई में सीसी कार्य का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। इस अवसर पर सदर विधायक ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार के नेतृत्व में पूरी विधानसभा क्षेत्र का चहुमुखी विकास हो रहा है। क्षेत्र की जनता जिस गांव में सड़क, बरात घर या शमशान भूमि की मांग करती है उनकी मांग पूरी की जा रही है। इस अवसर पर जिला महामंत्री सुधीर श्रीवास्तव, सुरजीव गुप्ता नगर अध्यक्ष जितेंद्र साहू, नगर उपाध्यक्ष के एल गुप्ता, स्वदेश सक्सेना, डीवी सिंह, मनोज चंदेल, योग्यता रस्तोगी, रामनरेश गौतम, रचित साहू, सुरेंद्र शर्मा, श्यामपाल सिंह, रवि वाल्मीकि, मोनिका रस्तोगी, सोनम अरोड़ा, अंकित शाक्य, लल्ला बाबू प्रधान, सुरजीत यादव, रमेश चौहान, रामचरण पाल, पुष्पेंद्र यादव आदि लोग मौजूद रहे।

### छात्राओं ने गांव में चलाया स्वच्छता अभियान



**बदायूं।** राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सरला रानी के निर्देशन में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन गांव आमगांव में चल रहा है। जिसके चतुर्थ दिवस स्वयं सेविकाओं ने गांव में स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान उनके द्वारा ग्राम वासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया तथा गंदगी से होने वाली बीमारियों के बारे में बताया। छात्राओं ने गांव की गलियों की झाड़ू लगाकर साफ सफाई की तथा कूड़े को यथा स्थान डाला। इसके बाद उनके द्वारा दीवारों पर स्वच्छता संबंधी प्रेरक स्लोगन लिखे गए। इस मौके पर पायल शर्मा, सलोनी, दिव्यानी गौतम, नसरीन, अनुष्का, वैशाली आदि मौजूद रहीं।

### डिजिटल इंडिया का सपना हो रहा साकार

**बदायूं।** आसिम सिद्धिकी मैमोरियल पीजी डिग्री कॉलेज में विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत स्मार्ट फोन वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया। कहा कि उत्तर प्रदेश के युवाओं को स्वामी विवेकानंद स्मार्ट फोन वितरण योजना के द्वारा सशक्त बनाने का कार्य किया जा रहा हैं। डिजिटल इंडिया का सपना साकार किया जा रहा है। भारत विश्व गुरू बनने की ओर अग्रसर है। विश्व पटल पर भारत का परचम शान से लहरा रहा हैं। इस अवसर पर कॉलेज के मैनेजर जोहेब अली सय्यद, निदेशक जोया अली सय्यद, मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य सलमान अहमद, रोमान हाशमी, सालीम फरशोरी, प्राचार्य डॉ. नजीबुल हसन खान ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी।

### प्रेमी के घर पहुंची युवती, निकाह पर अड़ी

**बदायूं।** थाना कादरचौक क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक और युवती के बीच प्रेम प्रसंग हो गया था। जिसके बाद युवक हैदराबाद में फलों का ठेला लगाने लगा। युवती गांव में रह रही थी। बुधवार को युवती प्रेमी के घर जा पहुंची और युवक बुलाने की जिद पर अड़ गई। युवक के परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। मोहम्मदगंज चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। उसने युवक को बुलाकर उसके साथ निकाह कराने की मांग की। पुलिस ने जैसे-तैसे समझाकर उसे वापस घर भेज दिया।

खबरें पेज 8 पर भी पढ़ें...

## शहर में आज

- उत्तर प्रदेश सिंचाई संघ द्वारा कर्मचारियों की मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन नलकूप खंड कार्यालय नदरई गेट पर सुबह 10 बजे से।
- जिले के तीन परीक्षा केंद्रों पर सीबीएसई बोर्ड इंटमीडिएट की परीक्षा सुबह 10 बजे से।
- समाजवादी पार्टी व्यापार सभा की बैठक शहर के अमांपुर रोड स्थित कार्यालय पर सुबह 10 बजे से।
- विकास एंव निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक कलक्ट्रेट सभागार में सुबह 11 बजे से।
- भारतीय किसान यूनियन द्वारा किसानों की मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन तहसील पटियाली में दोपहर 12 बजे से।

## एक नजर

### विकास एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आज

**कासगंज।** जिलाधिकारी सुधा वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार सुबह 11 बजे से विकास कार्यों की समीक्षा बैठक होगी। जिसमें सभी सम्बंधित जिला स्तरीय अधिकारियों को सूचनाओं सहित बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। इसी दिन दोपहर 12 बजे से निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक होगी। जिसमें 50 लाख रूपये से अधिक लागत के निर्माण कार्यों की समीक्षा की जाएगी। संबंधित अधिकारी एवं अधिशाषी अभियंता न प्रगति रिपोर्ट सहित बैठक में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

### मामूली बात पर दो पक्षों में मारपीट

**कासगंज।** शहर के मुहल्ला नाथूराम में घर के बाहर पानी डालने को लेकर रामअवतार की पत्नी द्रोपा का पड़ोसन दीप्ती से कहासुनी हो गई। मामला बढ़ा तो पुलिस तक जा पहुंचा। दोनों पक्षों की ओर से पुरुष एकत्रित हुए तो मारपीट हुई। मारपीट में रामअवतार के चोट आई है। मामला कोतवाली में पहुंचा है। बताया जाता है कि मुहल्ले के सभ्रांत नागरिकों ने हस्तक्षेप कर दोनों पक्षों में समझौता करा दिया है। कोई विधिक कार्रवाई नहीं हुई है।

# चाय में स्वाद और इत्र की महक बढ़ाएगी कैमोमाइल

## जिले के किसान ने तैयार की खेती, औषधीय गुणों से है भरपूर, बिहार से आई मांग, प्रधानमंत्री ने बढ़ाया था हौसला

एक्सक्लूसिव

गजेंद्र चौहान, कासगंज


कासगंज में तैयार होती कैमोमाइल की फसल। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिले में हर ओर नित नए विकास के प्रयास हो रहे हैं। हर क्षेत्र में जिला समृद्धि की ओर बढ़ रहा है। खेती की बात करें तो अब मिश्र और अफ्रीका की प्रमुख फसल माने जाने वाली कैमोमाइल को कासगंज में मुकाम मिल गया है। यहां एक किसान औषधिय गुणों से भरपूर यह फसल तैयार की है। इस फसल से कई लाभ हैं। यह चाय का स्वाद बढ़ाएगी, इत्र में महक घोलेगी साथ ही तमाम रोगों से लड़ने के लिए क्षमता बढ़ाएगी।

लेमन व ग्रीन टी की तरह कैमोमाइल टी की मांग अब बढ़ती जा रही है। इसके सेवन से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को दूर करने में मदद मिलती है। साथ ही कई प्रकार की बीमारियों से भी यह चाय बचाती है। कैमोमाइल चाय इस फसल के फूल से तैयार होती है। इस फसल के लिए जागरूकता दिखाई है पटियाली क्षेत्र के किसान श्यामा चरन ने। जो जिले के प्रगतिशील किसान हैं और लेमन ग्रास, सतावर सहित कई औषधीय फसलें पिछले तीन साल से उगा रहे हैं। इन्हीं फसलों की कड़ी में उन्होंने कैमोमाइल को भी जोड़ लिया है। बिहार के अलावा उत्तर प्रदेश के कई जिलों से कैमोमाइल की मांग किसान के पास आई है। इन दिनों किसान इस फसल को तैयार करने में जुटे हुए हैं। माना जा रहा है कि मई तक फसल तैयार हो जाएगी। इस फसल के फूल का प्रयोग चाय के लिए होता है। पत्ती का प्रयोग इत्र के लिए होता है।

- मिश्र और अफ्रीका की प्रमुख खेती है कैमोमाइल, जिले के प्रगतिशील किसान ने खेतों में लगाया

किसान श्यामा चरन के प्रयास काफी बेहतर हैं। उनके प्रयासों से औषधीय खेती जिले में हो रही है। अन्य किसानों को भी उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। विभाग उन्हें समय-समय पर प्रोत्साहित करता है।
**- सुबोध कुमार,** उद्यान निरीक्षक

### आंकड़ों की नजर से

- 10 से 12 हजार रुपये प्रति एकड आती है लागत
- 600 से 700 किलोग्राम फूल की होती है पैदावार
- 35 से 40 हजार रुपये लीटर है इसके तेल की कीमत
- 06 से 08 लीटर तेल एक एकड़ में हो जाता है तैयार

### इस तरह ली प्रेरणा



किसान श्यामा चरन का कहना है कि वे औषधीय पौधों की खेती के लिए समय-समय पर विशेषज्ञों से सलाह लेते हैं। दूसरा इंटरनेट का भी सहारा लेते हैं। जिले में कहीं भी कैमोमाइल की खेती नहीं हो रही है। आस पड़ोस प्रदेश के सहयोगी किसानों से चर्चा की तो किसानों ने बताया कि इस खेती से अच्छा लाभ होता है फिर इस खेती को करने की प्रेरणा ली।

### प्रधानमंत्री कर चुके हैं संबोधित

औषधीय खेती के लिए किसान श्यामा चरन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डेढ़ साल पहले संबोधित कर सम्मानित कर चुके हैं। वीडियो कांफ्रेस के माध्यम से उन्होंने श्यामा चरन से सीधे बातचीत की और अन्य किसानों के लिए प्रेरणा देने की बात कही।

### यहां भी होता है उपयोग

चाय और इत्र के अलावा कैंसर जैसी गंभीर बीमार, इम्युनिटी पावर बढ़ाने की औषधि में भी इसका प्रयोग होता है। वहीं साबुन, शैंपू व क्रीम बनाने में भी इसका इसका उपयोग किया जाता है। हर्बल, स्नान, सुगंधियों व सजावट के लिए इसका प्रयोग करते हैं। माऊथ वास में भी इसे उपयोग में लाया जाता है।

# प्रधान एवं शिक्षा समिति के अध्यक्षों को किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- निपुण विद्यालय के प्रधानाध्यापकों को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

**अमृत विचार :** विकास खंड पटियाली का उन्मुखीकरण कार्यक्रम एवं संगोष्ठी पटियाली के चौधरी श्रीराम डिग्री कालेज के सभागार में बुधवार को हुई। जिसमें प्रधान एवं शिक्षा समिति के अध्यक्षों को अधिकार और कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया गया। निपुण विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए।

कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षाधिकारी रामकुमार एवं मुख्य अतिथि नीरेंद्र चौहान ने किया। खंड शिक्षाधिकारी ने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग में बड़े स्तर पर बदलाव हो रहे हैं। जिससे परिषदीय स्कूलों की दशा सुधर रहीं है और शिक्षा स्तर बेहतर हो रहा है। अभिभावकों और विद्यार्थियों में जागरुकता बढ़ी है। उन्होंने कहा कि प्रधान अपने कर्तव्यों को समझे और शिक्षा की उन्नयन के लिए पूरा सहयोग करें। मुख्य अतिथि नीरेंद्र चौहान ने कहा कि प्राथमिक शिक्षा शिक्षा की रीड़ होती है।

शिक्षकों की जिम्मेदारी है कि बच्चों को बेहतर शिक्षा दें। कार्यक्रम में विद्यालयों को निपुण बनाने वाले प्रधानाध्यापकों को प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए। मुकेश कुमार, उदयवीर सिंह, रतन प्रकाश, अमित कुमार, अभय प्रताप सिंह, शिवम सिंह, जादौन, सतेंद्र सिंह, आनंद कुमार, अमित द्विवेदी, राम सेवक, अरविंद यादव, सत्य प्रकाश पाल, सुरेंद्र सिंह, तलकीन हुसैन, ज्ञानेंद्र मिश्रा सहित सैकड़ो की संख्या में प्रभारी शिक्षक शिक्षिकाएं, प्रधान एवं एसएमसी अध्यक्ष मौजूद रहे।

# पुलिस अधिकारियों ने मतदान केंद्र पर जाकर किया निरीक्षण


प्राथमिक विद्यालय अभयपुरा बूथ का निरीक्षण करते इंस्पेक्टर मनोज शर्मा।

संवाददाता, अमांपुर

**अमृत विचार :** चुनाव को शांतिपूर्ण कराने के लिए कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज शर्मा ने ग्रामीण क्षेत्रों के पोलिंग बूथों का निरीक्षण कर बीएलओ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

कोतवाली निरीक्षक मनोज शर्मा ने क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय गेदूपुरा, प्राथमिक विद्यालय अभयपुरा, प्राथमिक विद्यालय शेरपुर, कस्बा के मक्खन लाल इंटर कालेज, प्राथमिक विद्यालय अमांपुर, विकास खंड कार्यालय के बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बूथों पर लाइट, शौचालय, पानी की व्यवस्था देखी। बूथों पर कार्य अधूरे पाए जाने पर शीघ्र पूरे करने के निर्देश अधीनस्थों को दिए। उपनिरीक्षक प्रेमपाल सिंह, हेड कस्टेबल अनुरूद्र यादव, शैलेन्द्र सिंह, अवधेश कुमार, सतीश कुमार, इन्दल सिंह, विशु कुमार, मौजूद रहे।

# एक दिवसीय रोजगार मेला आज

**कासगंज।** जिला सेवायोजन कार्यालय तथा विज़न इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त तत्वधान में गुरुवार को सुबह नौ बजे से नगला पट्टी बिलराम, अतरौली मार्ग सिरोली कासगंज में एक दिवसीय रोजगार मेला लगाया जा रहा है। जिसमें निजी क्षेत्र की कंपनी सुजुकी मोटर्स द्वारा 18 से 26 वर्ष आयु वर्ग के आईटीआई न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक से उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के 100 से अधिक रिक्त पदों के लिए साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जाएगा। सहायक जिला रोजगार सहायता अधिकारी सिद्धार्थ मित्तल ने बताया है कि इच्छुक अभ्यर्थी दो फोटो, बायोडाटा, आधार कार्ड तथा समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति के साथ मेला स्थल में समय से उपस्थित होकर मेले में प्रतिभाग कर सकते है।

# बीडीओ के विरुद्ध सफाई कर्मियों का धरना-प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, कासगंज


एसडीएम कोमल पवार से बात करते सफाई कर्मचारी। ● अमृत विचार

- उपजिलाधिकारी ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन देकर खत्म कराया धरना
- कर्मचारियों ने दो दिन में कार्रवाई न होने पर पुन: आंदोलन की दी चेतावनी

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के बैनरतले विकास खंड सहावर के ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने बीडीओ पर अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए विकास खंड परिसर पर धरना दिया। बीडीओ के खिलाफ नारेबाजी की। धरना स्थल पर पहुंचकर एसडीएम ने प्रदर्शनकारियों को समझा-बुझाकर धरना समाप्त कराया। कर्मचारियों ने दो दिन में कार्रवाई न होने पुनः आंदोलन की चेतावनी दी।

जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ने कहा कि सहावर के बीडीओ कर्मचारियों के खिलाफ अभद्र व्यवहार करते आ रहे हैं। जब कर्मचारी संघ का प्रतिनिधि मंडल उनसे मिलने पहुंचा तो उन्होंने बात करने से इनकार कर दिया। कर्मचारी रुकुम पाल के साथ अभद्रता और गली गलौच की। बीडीओ के आचरण को लेकर कर्मचारियों में आक्रोश है और उन्हें धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होना पड़ा है। कर्मचारियों के धरना प्रदर्शन की जानकारी मिलने पर सहावर की एसडीएम कोमल पवार धरना स्थल पहुंची। उन्होंने कर्मचारियों को समझाया बुझाया और जांच कराने का आश्वासन दिया। तब कर्मचारी माने। संयुक्त मंत्री नदीम अख्तर ने धरना प्रदर्शन समाप्त करने की घोषणा की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि दो दिन के अंदर बीडीओ के विरुद्ध कार्रवाई नहीं हुई तो शुक्रवार को डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन होगा।

खेतपाल सिंह, भंवर पाल सिंह, संजय कुमार, राजेश कुमार, संजय कुमार, सत्य प्रकाश, मुनीम सिंह, संजय सिंह, गजराज सिंह, राधेश्याम, बदन सिंह, शुखानंद, खेतपाल सिंह, राकेश कुमार, गजराज सिंह, धर्मेंद्र, इंदल सिंह जोगेंद्र आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

# कार्यकुशलता पर मुख्य आरक्षी सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, कासगंज


ढोलना थाने के मुख्य आरक्षी कुलदीप सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत करतीं एसपी अपर्णा रजत कौशिक। ● अमृत विचार

- एसपी ने की कासगंज सर्किल के थानों की बीटों की समीक्षा
- एसपी ने मुख्य आरक्षी को प्रशस्ति पत्र व नगद पुरस्कार दिया

**अमृत विचार :** बुधवार को एसपी ने पुलिस कार्यालय में कासगंज सर्किल के थानों से संबंधित बीट की समीक्षा की। आरक्षियों एवं मुख्य आरक्षियों से बीट के संबंध में जानकारी ली। ढोलना थाने के मुख्य आरक्षी समीक्षा में खरे उतरे। एसपी ने प्रशस्ति पत्र और नगद पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया।

एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने थानाबार हैड कांस्टेबिल और कांस्टेबल की बीट की समीक्षा करते हुए अपराध नियंत्रण, उनके अनावरण, लोकसभा चुनाव के मद्देनजर की जा रही तैयारियों, संवेदशील सूचनाओं शस्त्र लाइसेंस के सत्यापन की जानकारी ली। आरक्षियों और मुख्य आरक्षियों से क्षेत्र के हिस्टीशीटर और सक्रिय अपराधियों, लापताओं के बारे में भी जानकारी ली। ढोलना थाने के मुख्य आरक्षी कुलदीप सिंह समीक्षा में खरे उतरे। एसपी द्वारा पूछे गए प्रश्नों के संतोषजनक उत्तर दिए। एसपी ने आरक्षी की पीठ पथथपाई। अन्य आरक्षियों से कुलदीप से प्रेरणा लेकर बेहतर काम करने के लिए प्रेरित किया। एसपी ने आरक्षी का उत्साहवर्धन करते हुए उसे नगद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया। एएएसपी राजेश भारती, सीओ अजीत सिंह चौहान के अलावा, ढोलना, कासगंज सोरों के बीट के आरक्षी मौजूद रहे।

# प्रसव के दौरान प्रसूता के पेट में चिकित्सक ने छोड़ी रुई

संवाददाता, गंजडुंडवारा

- गंजडुंडवारा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर हुआ था प्रसव
- परिजनों ने चिकित्सक पर लगाया लापरवाही का आरोप

**अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रसव के दौरान चिकित्सक ने प्रसूता के पेट में रुई छोड़ दी। कई दिन बाद जब प्रसूता की हालत बिगड़ी तो चिकित्सकों की लापरवाही सामने आई। जिला अस्पताल में रुई को पेट से निकाला गया है। परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डाक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाकर कोतवाली में तहरीर दी है।

गंजडुंडवारा निवासी जीतू ने पत्नी पूनम को प्रसव के लिए गंजडुंडवारा के स्वास्थ्य केंद्र पर तीन मार्च को भर्ती कराया। जहां पूनम ने पुत्र को जन्म दिया। इसके बाद डिस्चार्ज कर दिया। जीतू ने बताया कि उसकी पत्नी के पेट में दर्द होने लगा। आशा की सलाह पर पत्नी को दर्द की गोलियां दी गईं, लेकिन कोई राहत नहीं मिली और परेशानी बढ़ती ही गई। प्रसव के दौरान लगाए गए टांकों से रक्त भी बहने लगा। स्वास्थ्य केंद्र पर कोई तवज्जों नहीं दी गई। वह अपनी पत्नी को लेकर जिला अस्पताल पहुंचा। जहां चिकित्सकों ने उसके पेट से रुई निकाली और अलीगढ़ रेफर कर दिया। जहां उसकी हालत स्थित बनी हुई है। पति का आरोप है कि प्रसव के दौरान उससे सात हजार रुपये की अवैध वसूली भी की गई। जीतू ने इस मामले में कोतवाली पर चिकित्सक के विरुद्ध तहरीर दी है एवं जनशिकायत पोर्टल शिकायत पर भी दर्ज कराई है।

मामला संज्ञान में आया है। सभी बिंदुओं पर जांच कराई जा रही है। जो भी तथ्य सामने आएंगे। उसके आधार पर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।
**- डॉ. राजीव अग्रवाल,** सीएमओ

# भव्य होगा व्यापार मंडल का शपथ ग्रहण समारोह


कस्बा गंजडुंडवारा में शपथ ग्रहण समारोह को लेकर रणनीति बनाते व्यापारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, गंजडुंडवारा

- बैठक कर सफल आयोजन के लिए बनाई गई रणनीति

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की बैठक में व्यापार मंडल की नगर इकाई के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के 15 मार्च को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह को भव्यता से मनाए जाने के लिए विचार विमर्श किया गया। पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां बांटी गई।

नगर अध्यक्ष भारत गुप्ता ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद बिहारी मिश्रा दरियावगंज और पटियाली होते हुए शनिवार पांच बजे शहर की सीमा में प्रवेश करेंगे। गंजडुंडवारा रोड स्थित नकासा ग्राउंड से सैकड़ों वाहनों के साथ प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद बिहारी मिश्रा और महामंत्री राजेंद्र गुप्ता का भव्य स्वागत किया जाएगा।

वहां से वह व्यापारियों के साथ सड़क मार्ग से होते हुए साढ़े पांच बजे बालाजी मंडप में पहुंचेंगे। जहां व्यापारियों के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेंगे। उन्होंने पदाधिकारियों को जिम्मेदारी देते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। बैठक में युवा व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष डा. विकास गुप्ता एवं जिला महामंत्री डा. मोहम्मद फारूक द्वारा समस्त व्यापारियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील भी की गई। जिला महामंत्री युवा विनय राज पन्नू, डा. विवेक गुप्ता, संजीव गुप्ता, राजीव गुप्ता, आनंद मोहन गुप्ता आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# मानसिक रोग के लक्षण और उपचार बताए

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- जिला नोडल अधिकारी ने आम लोगों को किया जागरुक
- मां चामुंडा देवी मंदिर में दुआ से दवा कार्यक्रम आयोजित


स्वास्थ्य शिविर में लोगों को जागरूक करते चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी।

**अमृत विचार :** शहर के सरकुलर मार्ग स्थित मां चामुंडा देवी मंदिर में स्वास्थ्य विभाग के दुआ से दवा कार्यक्रम के तहत मानसिक स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसमें चिकित्सकों ने लोगों को मानसिक परीक्षण किया। मानसिक रोग के लक्षण और उपचार की जानकारी देते हुए जागरूक किया। जिला अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में बताया गया।

डा. अंकित यादव ने कहा कि मानसिक रोग का लक्षण है कि नींद कम आना या न आना, आत्महत्या के विचार मन में आना, अनावश्यक उलझन और भय महसूस करना, निराशा के भाव मन में जागृत होना। उन्होंने कहा कि इन लक्षणों के पाए जाने पर जिला अस्पताल में कक्ष संख्या 204 में सप्ताह के सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को चिकित्सक से परामर्श किया जा सकता है। सामान्य रूप से यह कोई बहुत बड़ी परेशानी नहीं है। यदि समय से इसका उपचार न हो तो यह घातक बन सकती है। उन्होंने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य टेली के टोफ्री नंबर 14416 पर प्रतिदिन 24 घंटे संपर्क किया जा सकता है। मानसिक रोगी समस्या पर परामर्श कर सलाह ले सकते हैं। महंत विकास सोलंकी ने स्वास्थ्य विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया।

सुगम यात्रा के लिए | पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक को प्रस्ताव सौंपकर की जाएगी मांग

# कासगंज से कटरा तक चलाई जाए सीधी ट्रेन

## रेल परामर्श दात्री समिति ने तैयार किया प्रस्ताव, वैष्णों देवी धाम तक यात्रा हो सकेगी सुगम

कार्यालय संवाददाता, कासगंज


कासगंज जंक्शन रेलवे स्टेशन।

**अमृत विचार :** रेल विस्तार तेजी के साथ हो रहा है। इस बीच धर्म स्थलों तक पहुंचने के लिए भी रेल विस्तार की मांग उठ रही है। लोगों के मांग के साथ ही रेल परामर्श दात्री समिति ने कासगंज से कटरा तक सीधे ट्रेन चलाए जाने के लिए प्रस्ताव तैयार किया है। जिससे वैष्णों देवी धाम तक यात्रा शुरू हो सके। समिति के सदस्य इस प्रस्ताव को पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक को सौंपेंगे।

लंबे समय से वैष्णों देवी धाम तक कासगंज से ट्रेन के सुगम सफर की मांग उठ रही है, लेकिन यह मांग पूरी नहीं हो पा रही। हालांकि इतना जरुर है कि दूसरों शहरों से कासगंज से लिंक होते हुए कासगंज से ट्रेन मिल जाती हैं। उस समय समस्या आरक्षण की रहती है, लेकिन जब ट्रेन कासगंज से सीधे होगी तो आरक्षण भी आसानी मिल सकेंगा। इसी मांग को लेकर अब रेल परामर्श दात्री समिति ने प्रस्ताव तैयार कर लिया है। यह प्रस्ताव पूर्वोत्तर रेलवे को भेजने की तैयारी की गई है। इसके आलवा समिति की बैठक में भी इस प्रस्ताव को रखने का दावा किया गया है।


रेल परामर्शदात्री समिति की ओर से वैष्णों देवी धाम कटरा तक ट्रेन चलाए जाने का प्रस्ताव तैयार है। इसके अलावा हाथरस या मथुरा होकर दिल्ली तक ट्रेन चलाए जाने का भी प्रस्ताव बनाया है। जल्द ही उच्चाधिकारियों को दोनों प्रस्ताव देंगे। **-अखिलेश अग्रवाल,** सदस्य रेल परामर्शदात्री समिति


हाथरस होकर दिल्ली तक चलाई जाए कासगंज से ट्रेन

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

### खबर का दिखा खास असर, बनाया प्रस्ताव

अमृत विचार समाचार पत्र में बुधवार के अंक में वाया हाथरस मथुरा होकर चलाई जाए दिल्ली के लिए ट्रेन समाचार प्रकाशित हुआ है। इस समाचार के बाद रेल परामर्श दात्री समिति ने बुधवार को ही अमृत विचार के सुझाव के आधार पर प्रस्ताव तैयार कर लिया है। समिति के सदस्य अखिलेश अग्रवाल इस प्रस्ताव को इज्जत नगर रेल मंडल के साथ ही रेलवे बोर्ड को भी भेज रहे हैं।


यदि कासगंज से कटरा के लिए सीधे ट्रेन चल जाए तो वैष्णों देवी धाम तक यात्रा बेहद सुहानी हो जाएगी। कासगंज के लोगों के साथ ही आसपास जिले के लोगों को भी बड़ी सहूलियत मिलेगी। रेलवे का राजस्व बढेगा।
**- राज चौहान,** युवा

# सीबीएसई बोर्ड परीक्षा समाप्त अंतिम दिन कंप्यूटर का पेपर


परीक्षा देकर बाहर निकलते परीक्षार्थी।

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** बुधवार को सीबीएसई बोर्ड हाईस्कूल की अंतिम परीक्षा थी। कंप्यूटर की परीक्षा में भी सरल प्रश्न पत्र देखकर परीक्षार्थियों के चेहरों पर खुशी दिखाई दी। जिले मे तीन परीक्षा केंद्रों पर पंजीकृत कुल परीक्षार्थियों में से 10 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। कोई भी परीक्षार्थी अनुचित साधनों का प्रयोग करते हुए नहीं पकड़ा गया।

सीबीएसई हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा के लिए शहर के जेपी पब्लिक एकेडमी परीक्षा केंद्र पर कुल 349 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। जिनमें से 345 ने परीक्षा दी। चार परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सोरों के प्रहलादपुर स्थित एनआर पब्लिक स्कूल परीक्षा केंद्र पर चार परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 310 परीक्षार्थी परीक्षा बैठे। जबकि 314 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। वहीं नदरई स्थित सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल के परीक्षा केंद्र पर 353 विद्यार्थी पंजीकृत थे। 351 ने परीक्षा दी। दो परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। कुल पंजीकृत 1016 परीक्षार्थियों में से 1006 ने परीक्षा दी। 10 अनुपस्थित रहे।

परीक्षार्थी राजीव, विशाल, जाकिर अली का कहना था कि प्रश्न पत्र सरल था, समय से हल कर लिया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक पीके मौर्य ने बताया कि परीक्षा सकुशल संपन्न हुई है। कोई परीक्षार्थी अनुचित साधनों प्रयोग करते हुए नहीं पकड़ा गया है।

# अधिकारी निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का करें पालन

**कासगंज।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए कलक्ट्रेट सभागार में मास्टर ट्रेनरों को निर्वाचन संबंधित तृतीय प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया सभी तैनात 62 मास्टर ट्रेनरों को ईवीएम एवं वीपीपैट तथा मतदान प्रक्रिया से संबंधित भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का गहनता से स्क्रीन के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया।

सीडीओ सचिन ने कहा कि प्रशिक्षण चुनाव प्रक्रिया का महत्वपूर्ण अंग है, इसे गंभीरता से लें। और साथ ही निर्देश निर्देश दिये गये कि प्रत्येक मास्टर टेनर्स को पूर्णतया दक्ष होना है यदि कोई समस्या है तो आप प्रश्न उत्तर के माध्यम से सभी की संख्याओ का समाधान किया गया। जिला विकास अधिकारी एवं प्रभारी प्रशिक्षण कार्मिक संजय कुमार, जिला प्रशिक्षण अधिकारी डा. नरेंद्र पाल सिंह, अनुप्रिया पटेल, सचिन एवं सभी मास्टर ट्रेनर मौजूद रहे।

# व्यापारी की बाइक में लगे बैग से एक लाख उड़ाए

संवाददाता, सोरोंजी

**अमृत विचार :** सोरों कोतवाली क्षेत्र के मेला मैदान में व्यापारी की बाइक की डिग्गी में रखे एक लाख रुपए उड़ा लिए। जब व्यापारी बाइक डिग्गी से पैसे निकालने गया तो उसके होश हो उड़ गए। सूचना पुलिस को दी है। मामले में अज्ञात चोरों के विरुद्ध तहरीर पुलिस को दी है।

पीड़ित व्यापारी विकास श्रोतिय निवासी मुहल्ला चक्रवर्ती ने सोरों कोतवाली में पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि मंगलवार शाम को अपने घर से एक लाख रुपये लेकर अपनी बाइक की डिग्गी में रखकर दुकान को जा रहा था( मेला मैदान के निकट सार्वजनिक शौचालय पर उसने अपनी बाइक खड़ी की और अंदर शौचालय संचालक से वार्ता करने लगा( बाहर आया तो बाइक की डिग्गी में रखे एक लाख रqपये देखे तो वह गायब मिले।

मामले में व्यापारी ने सोरों कोतवाली पुलिस को अज्ञात चोरों के विरुद्ध तहरीर दी है। इंसस्पेक्टर भोजराज अवस्थी ने बताया कि तहरीर मिल गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## जिले में अभी से करना होगा रेन वाटर हार्वेस्टिंग का क्रियान्वयन

# जल संरक्षण के लिए अभी से दिखानी होगी जागरुकता

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- बरसात शुरू होने से पहले घरों और सरकारी भवनों में लगाने होंगे सिस्टम

**अमृत विचार :** जल ही जीवन है, बगैर जल के जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। यह सबकुछ जानने के बाद भी हम लोग इसको सहेजकर संरक्षित करने का प्रयास नहीं करते, जबकि यही हालात रहे तो बूंद-बूंद पानी के लिए लोगों को तरसना पड़ेगा, क्योंकि प्रतिवर्ष ही जलस्तर गिरता ही जा रहा है।

जल संरक्षण की योजनाओं को भी ग्रहण लग रहा है। प्रावधान है कि मकान का नक्शा पास कराने में रेन वाटर हार्वेस्टिंग को अनिवार्य तो किया गया है, लेकिन क्रियान्वयन कागजों तक ही सीमित है। भू-जलस्तर सुधारने को बरसात के पानी को जमीन के अन्दर पहुंचाने के लिए इसे प्रभावी बनाने की जरूरत है।

पानी अभी तो भरपूर मिल रहा है, लेकिन जिस तेजी से भू-जलस्तर नीचे गिर रहा है वह चिंता का विषय है। जिले में भी इसका दुष्प्रभाव दिखाई देने लगा है। जिले के 7 ब्लाकों में से कासगंज व सोरों डार्क जोन में शामिल रहा था। लेकिन गनीमत रही कि गंगा में आई बाढ़ ने जलस्तर को तो बढ़ा दिया और यह ब्लाक डार्कजोन आ गए, हालांकि बाढ़ से तराई में तबाही जरुर हुई। लगातार गिरते भू-जलस्तर से गर्मी का मौसम शुरू होते ही आने वाले समय में हैंडपंप पानी कम देने लगेंगे क्योंकि हर बार ऐसा ही होता रहा है। कुओं का अस्तित्व भी मिट गया है। जहा कहीं कुआं दिखता भी है तो सूखा मिलता है। इसका मुख्य कारण वाटर रीचार्जिंग न हो पाना है।

> गांव-गांव तालाबों का सुदृढ़ीकरण कराने के साथ रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए प्रावधान किया गया है कि मकान का नक्शा तभी पास किया जाए जब सुनिश्चित कर लिया जाए कि मकान परिसर में बरसाती पानी जमीन के अन्दर पहुंचाने के लिए बोरिंग करा ली गई हो। – **डीके सिंह,** अधिशासी अभियंता जल निगम



> हम अंधाधुंध पानी का दोहन तो करते हैं, लेकिन रिचार्ज करने के प्रयास नाकाफी हैं। अंधाधुंध जलादोहन और रीचार्जिंग के प्रति उदासीनता से भविष्य में पानी का गंभीर संकट उत्पन्न हो सकता है। – **कबीर प्रताप सिंह**



> बरसात के पानी को जमीन के भीतर पहुंचाने के लिए सरकार गंभीर है। लेकिन हमें भी तो जागरुक होने की जरुरत है। जब तक हम जागरुक नही होंगे तब तक जल संरक्षण की कल्पना करना बेमानी होगी। – **डेनेस कुमार**

# पोषण पखवाड़े में अन्नप्राशन, गोद भराई के साथ रेसिपी प्रतियोगिता हुई

**कासगंज, अमृत विचार :** बुधवार को विकास भवन सभागार में राष्ट्रीय पोषण अभियान के अंतर्गत पोषण पखवाड़ा का सीडीओ सचिन ने आरंभ किया। गर्भवती महिलाओं की गोद भराई, अन्न प्रासन , रेसिपी प्रतियोगिता एवं टीएलएम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें भी विकास खंडों की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। टीएलएम प्रतियोगिता में आंगनबाड़ी कार्यकत्री अंजली सक्सेना, सुषमा, प्रीती यादव, अमृता एवं बबिता द्वारा उत्कृष्ट टीएलएम प्रस्तुत किए जाने पर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। रेसिपी प्रतियोगिता में रेखा सोनी, प्रगति शर्मा, सपना, रत्ना, नीरू, गीता, सुधा, अर्चना, आरती, नीरज, रजनी, शकुन्तला आदि द्वारा प्रतिभाग किया गया। सीडीओ द्वारा बनाए गए सभी रेसिपी को उत्कृष्ट बताते हुए पुरस्कृत करने के लिए निर्देशित किया गया। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी सुशीला, बाल विकास परियोजना अधिकारी राजीव कुमार एवं जिले की सभी मुख्य सेविकाएं एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें 99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

अमृत विचार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज --------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# सड़क हादसे में घायल युवक ने भी अलीगढ़ के अस्पताल में तोड़ा दम

## चाचा-भतीजे की मौत से परिवार में मचा कोहराम ,मंगलवार रात हुआ था हादसा

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- चाचा के साथ उनकी ससुराल बाइक से आया था भतीजा, लौटते समय हादसा

**अमृत विचार :** मंगलवार रात थाना ढोलना क्षेत्र में सड़क हादसें में हुए घायल भतीजे की अलीगढ़ के मेडिकल कालेज में उपचार के दौरान मौत हो गई। जबकि घटना में चाचा की मौके पर ही मौत हो गई थी। चाचा-भतीजे की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। मामले में अज्ञात वाहन चालके विरुद्ध थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

जिला अलीगढ़ के थाना पाली के गांव मऊपुर निवासी नीरज पुत्र धर्मेंद्र अपने चाचा बबलू पुत्र चंदन सिंह के साथ बाइक से सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव किशोरपुर अपनी ससुराल आए हुए थे। जब चाचा-भतीजे मंगलवार रात वापस गांव पाली मऊपुर लौट रहे थे। तभी ढोलना थाना क्षेत्र में गांव महावर के निकट अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी थी। जिससे चाचा बबलू की मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल भतीजे नीरज जिला अस्पताल से अलीगढ़ रेफर किया गया था। परिजन उन्हें उपचार के लिए अलीगढ़ ले गए थे। जहां मेडीकल कालेज में देर रात नीरज ने भी दम तोड़ दिया। चाचा-भतीजे की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। चाचा का कासगंज पुलिस तो भतीजे के शव को अलीगढ़ पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। ढोलना के इंस्पेक्टर अजयवीर सिंह ने बताया कि मामले में अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।



मृतक नीरज

### सड़क हादसे में घायल महिला की अस्पताल में मौत

**कासगंज :** 10 मार्च को सोरों कोतवाली क्षेत्र में ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी थी जिससे बाइक चला रहे सुमन देव शर्मा एवं उनकी पत्नी सुषमा देवी निवासी ततारपुर घायल हो गई थी। गंभीर हालत में सुषमा को जिला अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद अलीगढ़ रेफर कर दिया गया था। उपचार के बाद भी हालत में सुधार नहीं हुआ और मंगलवार रात को उनकी मौत हो गई। महिला की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। सदर कोतवाली के इंस्पेक्टर रामवकील ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज है। धाराओं में तब्दीली की जा रही है।

# गढ़का गांव में लापता हो गए अजगर, दहशत में हैं ग्रामीण



गढ़का में अजगर तलाशती वन विभाग की टीम।

संवाददाता, गंजडुण्डवारा

- खोजने पहुंची वन विभाग की टीम दूसरे दिन भी नहीं मिले अजगर

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के गढ़का गांव से 400 मीटर दूर खेत मे तीन अजगर देखे गए थे। वन विभाग की तीनों अजगरों को तलाशने में जुटी हुई है।

मंगलवार को लगभग 15-15 फीट के तीन अजगर गढ़का से सादिकपुर मे देखे गए थे। यह सूचना वन विभाग के अधिकारीयो को भी दी गई थी।ताकि इन तीनों अजगरों को पड़कर किसी घने जंगल में छोड़ दिया जाए।लेकिन मंगलवार को अजगर नही मिले थे।वही पुनः वन विभाग की टीम अजगरों के रेसक्यू को गांव पहुंची और खेतों मे तलाशने का प्रयास किया।

क्षेत्रीय वन रेंजर विवेक कुमार ने कहा कि अजगरों में तलाशने के प्रयास चल रहा है। वन विभाग की टीम बुधवार को पुनः गांव पहुंची और खोजने का प्रयास किया, लेकिन वह नही मिले। अजगर शायद अपने बिल में चले गये हैं। गांव वालों को उनके बिल से दूर रहने की सलाह दी गई।

# यूविन पर पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू मोबाइल पर आया मैसेज

**एटा अमृत विचार:** गर्भवती व बच्चों का टीकाकरण अब यूविन पोर्टल पर पंजीकरण कराने के बाद होगा। बुधवार से जिले में यह प्रक्रिया शुरू हो गई है। टीका लगवाने पहुंची गर्भवती महिलाओं सहित बच्चों का पहले पंजीकरण किया गया। मोबाइल पर मैसेज आया, इसके बाद टीकाकरण किया गया। तुरंत ऑनलाइन प्रमाणपत्र भी आ गया।

बुधवार को टीकाकरण की प्रक्रिया बदली हुई थी। आधार कार्ड के माध्यम से बूथों पर एएनएम ने पहले गर्भवती व बच्चों का यूविन पोर्टल पर पंजीकरण किया। मैसेज आने के बाद उन्हें टीका लगाया गया। सीएमओ डॉ. उमेश त्रिपाठी ने बताया कि कोविन की तर्ज पर यूविन पोर्टल पर पंजीकरण कराने वालों को टीके लगेंगे। टीका लगवाने के बाद ऑनलाइन प्रमाणपत्र भी प्राप्त होगा। एक बार पंजीकरण कराने के बाद दूसरा टीका लगवाने के लिए पोर्टल अलर्ट मैसेज भेजकर अवगत कराएगा।

# रोजा रखने से परहेजगारी में होती है बढ़ोत्तरी

संवाददाता, भरगैन

**अमृत विचार :** मुफ्ती तौसीफ रज़ा बरकाती ने रोजे की फजीलत बयान करते हुए कहा कि रोजे को अरबी में सौम कहते हैं। लुग़त में सौम के मायने होते हैं रुकना। सुब्ह सादिक से लेकर गुरूबे आफताब तक खाने-पीने और जिमा (बीवी से मुलाक़ात) से रुकने को। इसीलिए रोज़े में इंसान अपनी इच्छाओं को पूरा करने से और खाने-पीने से रुक जाता है। इससे इंसान में बर्दाश्त करने की ताकत पैदा होती है। इसी नियंत्रण करने की ताकत को तकवा कहते हैं। इसमें इंसान अल्लाह तआला की नाफरमानी से बचता है।

अल्लाह के अजाब से डरकर गुनाह से बचता है। रोजा रखने से परहेजगारी में बढ़ोतरी होती है। रोजा इंसान को बीमारियों से भी बचाता है। रमजान का महीना पूरा बाबरकत महीना है। अल्लाह ने कुरआन में फरमाया कि ईमान वालों रोजा रखो, ताकि तुम मुत्तकी बन जाओ यानी तुम अपनी जिंदगी इस तरह गुजारो कि हर वक्त अल्लाह से डरते रहो और कोई भी काम अल्लाह के हुक्म के खिलाफ न करो।



मुफ्ती तौसीफ रज़ा

### दिन में रख रहे रोजा रात में पढ़ रहे तरावीह की नमाज

माहे रमजान में अल्लाह के रोजेदार बंदे दिन रात इबादत में गुजार रहे हैं। तेज धूप में भी बच्चे, नौजवान, बुजुर्ग सभी अल्लाह का शुक्र अदा करते नजर आ रहे हैं। सहरी और इफ्तार का क्रम जारी है। मस्जिदें भी भरी हुई नजर आ रही हैं। विशेष नमाज तरावीह नमाज में नमाजियों की अच्छी खासी संख्या देखने को मिल रही है। मुस्लिम बस्तियों में देर रात तक चहल-पहल रह रही है। मस्जिदों और घरों पर सामूहिक रूप से इफ्तार किये जा रहे हैं।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत वाईपास रोड, बरेली
विशाल एण्डोस्कोपी शिविर
सहयोग से : बरेली ओब्स्टेट्रिक गाइनकालजी सोसाइटी
दूरबीन विधि द्वारा बच्चेदानी के आपॅरेशन

दिल्ली, मुम्बई, अहमदाबाद, चेन्नई, बैंगलौर एवं विदेश के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ द्वारा दूरबीन विधि से स्त्री रोग सम्बन्धित समस्त ऑपरेशन
जल्द से जल्द पंजीकरण कराकर इस सुविधा का लाभ उठायें।
ऑपरेशन दिनांक 19 अप्रैल 2024
पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) 31 मार्च 2024 तक ही किये जायेंगे। प्रथम 10 पंजीकृत मरीजों को प्राथमिकता दी जायेगी।
लैप्रोस्कोपी द्वारा दूरबीन विधि से ऑपरेशन
1) बच्चेदानी निकालने का ऑप्रेशन (हिस्ट्रेक्टमी)
2) रसौली निकालने का ऑप्रेशन (मायोमेक्टमी)
3) अण्डेदानी की रसौली निकालने का ऑप्रेशन (ओवेरियन सिस्टैक्टॉमी )
4) बांझपन की दूरबीन विधि द्वारा जांच
5) बन्द ट्यूब खोलने का ऑप्रेशन
6) बच्चेदानी की बनावट सम्बन्धी जन्मजात बीमारियों का इलाज ऑप्रेशन
हिस्ट्रोस्कोपी का दूरबीन द्वारा ऑपरेशन
1) ऐशरमैन का इलाज
2) बच्चेदानी के अन्दर की रसौली (हिस्ट्रोस्कोपिक मायोमेक्टोमी)
3) ट्यूब खोलना (हिस्टेरोस्कोपी कम्युलेशन)
4) बच्चेदानी के अन्दर जन्मजात विकृति ठीक करना
5) बच्चेदानी के अन्दर का पॉलिप निकालना (हिस्टेरोस्कोपिक पॉलीएटोनी)
रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें : 9997015620, 9081800900
कमरा नं. 1178, स्त्री रोग विभाग, रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, बरेली
एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था *एंट्री लेवल

रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल
पता: सेक्टर -7, राम गंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली
नि:शुल्क शल्य चिकित्सा शिविर
(नासूर/भगन्दर, बवासीर/मस्से/पाइल्स का नि:शुल्क चिकित्सा शिविर)
दिनांक: 12 मार्च से 15 मार्च 2024, समय : सुबह 9 से सायं 4 बजे तक
यदि आप निम्न लक्षणों से पीड़ित है तो एक बार अवश्य डोहरा रोड स्थित रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में दिखायें।
- शौच के समय मल द्वार से खून आना (बवासीर/ मस्से/Piles)
- गुदामार्ग के पास फोड़ा होना, मवाद (पस) आना (नासूर/ भगन्दर)
- कब्ज़ की शिकायत रहना
- शौच के समय दर्द एवं जलन रहना
- बच्चों के मलद्वार से खून आना, दर्द होना, कब्ज़ की शिकायत होना
- पैरों की नसों में दर्द, सूजन एवं नीलापन रहना (वैरीकोज वैन्स)
- कुराठी (कोनी) का अग्निकर्म विधि द्वारा इलाज
- शरीर के किसी भी भाग में गांठ होना (Cyst/Lipoma)
- हाइड्रोसील का सफल ऑपरेशन
- पुराने से पुराने घाव (Non-Healing Ulcers)
- मूत्रमार्ग के सभी रोग जैसे: मूत्र त्याग में कठिनाई, मूत्रमार्ग में जलन आदि

पाइल्स/बवासीर
क्षारसूत्र चिकित्सा
व्रण (Wound)
-: धागा विधि (क्षारसूत्र) द्वारा भगन्दर, बवासीर, PNS का सफल इलाज
- आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित ऑपरेशन थियेटर

डॉ. अनु कोटिया B.A.M.S. (Chaudhary Brahm Prakash, Delhi), M.S. (Ay) IMS-BHU नियमित सेवाएं कमरा नं० 10, आर.ए.एम.सी.एच.,बरेली
नि:शुल्क परामर्श
नि:शुल्क ऑपरेशन (केवल चयनित मरीजों के लिए)
डॉ. गीता B.A.M.S. (NIA JAIPUR), M.S. (AY) IMS-BHU नियमित सेवाएं कमरा नं० 10, आर.ए.एम.सी.एच., बरेली
शिविर का लाभ लेने के लिए निम्न नम्बर पर फोन करके रजिस्ट्रेशन करवायें मो. 8077808309
परामर्श स्थान : कमरा नं०-10, रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल । मो. 8077808309

# डग्गेमारी और ओवरलोडिंग पर चला पुलिस का चाबुक



कलक्ट्रेट सभागार में लाभार्थियों को ऋण का वितरण करती डीएम सुधा वर्मा।

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- सोरों और अमांपुर में सात आटो किए गए सीज

**अमृत विचार :** डग्गेमार और ओवरलोड वाहनों पर अब यातायात पुलिस का चाबुक चला है। मनमाने ढंग से ओवरलोडिंग करने एवं यातायात नियम का उल्लंघन करने के मामले में सात आटो सीज किए गए हैं। जबकि कई चेतावनी देकर छोड़ा गया है।

साथ ही यातायात पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यह कार्रवाई निरंतर अनवरत रूप से चलती रहेगी। उच्चाधिकारियों को पूरी कार्रवाई की प्रतिदिन रिपोर्ट दी जाएगी। जिले में कई क्षेत्रों में आटो चालक और डग्गेमार वाहन मनमानी कर रहे हैं। यातायात पुलिस प्रभारी लक्ष्मण सिंह ने अपनी टीम के साथ बुधवार को सोरों पहुंचकर सड़क किनारे खड़े तीन आटो सीज किए। वहीं कस्बा अमांपुर पहुंचकर चार और आटो सीज किए। यातायात पुलिस ने स्पष्ट कर दिया है कि इसी तरह अभियान जारी रहेगा और प्रतिदिन कार्रवाई की जाएगी।

> प्रतिदिन अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन आटो चालक चोरी छिपे कस्बाई क्षेत्रों में नियमों का उल्लंघन कर रहे थे। इसको लेकर उच्चाधिकारियों ने कार्रवाई के निर्देश दिए। निर्देशों के क्रम में विशेष अभियान शुरू कर दिया गया है। सात आटो सीज किए गए हैं। कई को कड़ी चेतावनी दी गई है। – **लक्ष्मण सिंह,** टीएसआइ

# मारपीट की घटनाओं में कई लोग घायल

**जैथरा/अलीगंज ।** थाना क्षेत्र के कस्बा धुमरी निवासी शारदा गुप्ता ने बताया कि यहीं के निवासी सोनू पुत्र सत्यप्रकाश ने उसके साथ मारपीट की और गाली गलौज करते हुए जाने से मारने की धमकी देते हुए शौचालय में बंद कर दिया। काफी देर तक शौचालय में बंद रही। चीखपुकार सुन अन्य लोगों ने उसको निकाला। पीड़िता ने सोनू के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस जांच कर रही है। दूसरी ओर अलीगंज के मोहल्ला राधाकृष्ण निवासी आशीष पुत्र रनवीर सिंह का कहना है कि क्षेत्र के गांव ढकपुरा निवासी शिवा पुत्र भोले ने उसके व उसकी बहन के साथ मारपीट व गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी है।

## एक नजर

### पति से कहासुनी होने पर महिला ने लगाया फंदा हालत गंभीर

**जैथरा।** थाना क्षेत्र के ग्राम जीवनाबाद निवासी मीना (28) ने अपनी छोटी बच्ची को किसी बात पर पीट दिया, इसलिए पत्नी अवनीश ने पत्नी मीना को डांट दिया। इसी बात को लेकर हुई कहासनी से मीना आग बबूला हो गई और गुस्से में आकर उसने घर पर ही फांसी लगाकर खुदकुशी करने का प्रयास किया। फांसी पर लटक रही पत्नी को उतारकर मेडिकल कालेज में भर्ती कराया है।

### छत से गिरकर महिला गंभीर घायल

**कासगंज ।** शहर के मुहल्ला नबाव में अपनी घर की छत पर कपड़े फैलाने के बाद नीचे आ रही 70 वर्षीय जमालो पत्नी फहीम का पैर स्लिप हो गया। जिससे वह छत से नीचे आ गिरी। परिवार के लोग उन्हें शहर के एक निजी अस्पताल ले गए। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया है। परिजनों के मुताबिक उनके रीड़ की हड्डी में चोट है। उपचार के लिए बरेली ले जाया गया है।

# अलग-अलग दुर्घटनाओं में महिला समेत दो की मौत

## घर में कार्यक्रम में शामिल होने आए मेहमान को लेने जा रहे युवक की मौत

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार:** जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में हुए दो सड़क हादसों में महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई।

मिरहची थाना क्षेत्र के गांव रतनपुर निवासी कुलदीप (21) के यहां दावत का कार्यक्रम था। मंगलवार की रात रिश्तेदारों का आना-जाना लगा हुआ था। एक रिश्तेदार ने फोन कर कहा कि वह अखतौली गांव के पास खड़ा है, उसको कोई वाहन नहीं मिल रहा है, बाइक से ले जाओ। कुलदीप रिश्तेदार को लेने के लिए जा रहे थे। कुतुकपुर के पास अज्ञात वाहन ने कुलदीप को रौंद दिया। हादसे में कुलदीप की मौत हो गई।



पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के परिवार के लोग। ● अमृत विचार

दूसरी घटना रिजोर थाना क्षेत्र के गांव खेडिया डेरा के पास की है। क्षेत्र के गांव जीसुखपुर सानी निवासी बलवीर सिंह पुत्र कुंवरपाल सिंह ने बताया कि उसकी 60 वर्षीय मां वीरवती 7 मार्च को मुबारिकपुर सराय सकीट से अपने गांव मोटर साईकिल से आ रही थी। बाइक को बहनोई पुष्पेन्द्र पुत्र धर्म सिंह विासी चुन्नपुरा कोतवाली देहात चला रहे थे। जैसे ही बाइक पीपल खेडिया डेरा के समीप पहुंची कि तभी पीछे से दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी। वीरवती को उपचार के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। डाक्टर ने हालत नाजुक देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दी। मंगलवार की रात 1 बजे वीरवती की मौत हो गई।

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने को कार्यशाला में ली शपथ

**जलेसर, अमृत विचार:** मतदाता साक्षरता क्लब के अंतर्गत आदर्श इंटर कॉलेज में कैंपस एंबेसडर एवं सदस्यों की कार्यशाला में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने की शपथ ली गई।

आदर्श इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अजय मोहन शर्मा ने उपस्थित एंबेसडर एवं सदस्यों को कार्यशाला के दौरान शपथ दिलाई और आवाहन किया कि भारत निर्वाचन आयोग पारदर्शी और ईमानदार सरकार के पक्ष में है। यह सरकार जब ही बनेगी जब मतदान का प्रतिशत सत प्रतिशत होगा इसके लिए हम सभी को हर संभव प्रयास करने होंगे। अजय मोहन शर्मा, श्याम बिहारी तिवारी, नारायण सिंह, मनोज भार्गव, रामवीर सिंह, कृष्णवीर सिंह, यशवीर सिंह, सत्य प्रकाश, दीपक कुमार, संदीप कुमार, विजयलक्ष्मी, जय तोमर, शिवांगी सिंह, सीमा वार्ष्णेय, नेहा सिंह, संजय सिंह, कृष्ण गोपाल, भारत सिंह, रामवीर सिंह अन्य समस्त विद्यालयों के शिक्षक शिक्षकों मौजूद थे।

# परिवार का दर्द, आरक्षी खुद नहीं मरा...मारा गया

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार:** करीब साढ़े तीन महीने पहले यहां 43वीं वाहिनी पीएसी बटालियन में तैनात एक आरक्षी की मौत हो गई थी। अब तक उसकी बिसरा रिपोर्ट नहीं आई है। पुलिस बीमारी से मौत की वजह मानकर चल रही है। जबकि परिवार वाले आरक्षी की पत्नी पर ही हत्या का आरोप लगा रहे हैं। उनका कहना है कि पुलिस उनके आरोपों और दिए गए सबूतों को विवेचना में शामिल ही नहीं कर रही है।

मथुरा जिले के नौहझील थानांतर्गत गांव नावली निवासी बुजुर्ग महादेवी अन्य परिजन के साथ पुलिस कार्यालय पहुंचीं। एसएसपी से मिलकर बताया कि उनके पुत्र जितेंद्र सिंह की शादी यशी से हुई थी, जो कुछ समय बाद ही अन्य पुरुष के साथ रहने लगी। इसके बाद जितेंद्र की नौकरी पीएसी में लग गई। आरोप है कि इसकी जानकारी होने पर यशी के मायके वाले उसे फिर साथ रखने का दबाव डालने लगे। सर्विस बुक में यशी को नामित करने के लिए पीएसी कर्मचारियों से सांठगांठ की। उसके प्रभाव में आकर बटालियन का एक बाबू जितेंद्र सिंह पर दबाव बनाने लगा, लेकिन दबाव में न आकर जितेंद्र ने सर्विस बुक में अपनी मां को नामित कर दिया।

आरोप है कि इससे बौखलाकर 1 दिसंबर 2023 को जहरीले पदार्थ से उसकी मौत हो गई। परिवार वालों का आरोप है कि मृतक आश्रित कोटा में नौकरी प्राप्त करने के लिए यह सब किया गया है। हम लोग पहुंचे तो विषाक्त पदार्थ के लक्षण मिले, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कारण स्पष्ट न होने पर बिसरा को जांच के लिए भेजा गया। जिसकी अभी तक रिपोर्ट नहीं आई है। कोतवाली देहात प्रभारी निर्दोष सिंह सेंगर का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई थी। बीमारी से मौत हुई थी। स्पष्ट वजह बिसरा रिपोर्ट से पता लगेगी, जो अभी आई नहीं है।

## ग्राम पंचायत रामनगर को मुख्यमंत्री पुरस्कार के रूप में मिले 15 लाख

**अलीगंज, अमृत विचार:** ग्राम पंचायत रामनगर को मुख्यमंत्री पुरस्कार मिला है। ग्राम प्रधान दिनेश सिंह राठौर ने बताया कि मुख्यमंत्री पुरस्कार के लिए उन्होंने आवेदन किया था। इसके बाद मंगलवार को देर रात मुख्यमंत्री पुरस्कार की 15 लाख रुपए की धनराशि ग्राम निधि के खाते में आ गई है।

उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत में स्वच्छ भारत मिशन के तहत कई कार्य कराए गए हैं। पंचायत सचिवालय निर्माण, इंटरलॉकिंग, तालाब का सौंदर्यीकरण एवं साफ सफाई के काम कराए गए हैं। मुख्यमंत्री पुरस्कार खंड विकास अधिकारी अलीगंज और ग्राम पंचायत अधिकारी के सहयोग से प्राप्त हुआ है। खंड विकास अधिकारी अलीगंज गोपाल गोयल ने बताया कि विकासखंड अलीगंज से चार ग्राम पंचायतों के प्रस्ताव मुख्यमंत्री पुरस्कार के लिए शासन को भेजे गए थे जिसमें रामनगर ग्राम पंचायत का चयन हुआ है यह विकासखंड के लिए गर्व की बात है।

### रिलायंस का बीपीएस व राउटर चोरी, केस दर्ज

**जैथरा अमृत विचार :** थाना क्षेत्र से अज्ञात चोरों द्वारा रिलायंस जियो का बीपीएस व राउटर चोरी कर लिया। जानकारी होने पर कासगंज क्षेत्र के ढोलना थानान्तर्गत महिलबा कलां निवासी अशोक कुमार पुत्र राजीव कुमार द्वारा अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। चोरी की जांच पड़ताल एसआई बलराम सिंह कर रहे है।


प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर


## विज्ञान एवं आर्ट प्रदर्शनी में बच्चों ने किया प्रतिभाग



बच्चों के प्रोजेक्ट देखते विद्यालय के संस्थापक राजकुमार तिवारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, अवागढ़

**अमृत विचार:** किला रोड स्थित सिटी कान्वेंट स्कूल में विज्ञान एवं आर्ट प्रदर्शनी एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। आरंभ समाजसेवी सत्यप्रकाश शर्मा ने किया।

विधायक संजीव दिवाकर और चेयरमैन महेश पाल सिंह ने प्रोजेक्ट्स की सराहना की। हादिया खातून, दीक्षा, नीरू, गरिमा ने राम मंदिर का मनमोहक मॉडल बनाया। विशिष्ट अतिथि सीएमओ उमेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि आज के बच्चे भारत के भविष्य के भाग्य विधाता हैं। कार्यक्रम में छात्राओं ने ताइक्वांडो आदि के करतब भी दिखाए। फेंसी ड्रेस कंपटीशन भी हुआ। विद्यालय के संस्थापक राजकुमार तिवारी, प्रबंधक नितिन राज तिवारी, जीआईसी प्रधानाचार्य राकेश बाबू यादव, राजेश सरानी, गणेश वार्ष्णेय, सुभाष शर्मा, विवेक दुबे, इमरान खान, सुनील चौहान मनीष तिवारी, नितिन शर्मा, रविकांत यादव, सत्यम उपाध्याय, अश्वनी यादव, रंजना राघव, राकेश पाराशर, काव्या शर्मा, कंचन गुप्ता, लक्ष्मण सिंह, नेहा, संकेत, मनोज, पार्वती, माधुरी दीक्षित, अजय गौर आदि शिक्षक उपस्थित थे।

### स्वेच्छा से शस्त्र लाइसेंस निरस्त कराने पर सम्मानित

**एटा।** जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह की स्वेच्छा से शस्त्र लाइसेंस निरस्त कराने की पहल पर मोहल्ला रेवाड़ी निवासी अमित कुमार जैन और देवनगर निवासी सतीश चन्द्र ने शस्त्र लाइसेंस निरस्त कराया है। जिलाधिकारी ने बुधवार को दोनों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। डीएम ने कहा कि अब तक 9 व्यक्तियों द्वारा 10 शस्त्र लाइसेंस निरस्त कराये गए हैं, स्वेच्छा से शस्त्र लाइसैंस निरस्त कराने वाले सभी लोगों के नाम जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष में बोर्ड पर अंकित कराए गए हैं। एएसडीएम वेद प्रिय आर्य, डिप्टी कलेक्टर राज कुमार मौर्या सहित अन्य अधिकारी व अन्य मौजूद रहे।

## ईको में बैठाकर महिला से लाखों के जेवरात की लूट

**अवागढ़, अमृत विचार:** ईको सवार तीन लोगों ने महिला को वाहन में बिठाने के बाद सवा लाख रुपए के जेवर व नगदी उतरवा कर बैग में रखवा दी तथा महिला को रास्ते में उतार कर आभूषण और नगदी तथा कपड़ों से भरा बैग लेकर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस अपराधियों की तलाश में जुट गई है।

ललिता पत्नी जीतू निवासी नगला गंगी थाना फरिहा बच्चे के साथ अपने मायके जिटोली रामनगर थाना निधौलीकला से ससुराल में आयोजित शादी समारोह में भाग लेने अवागढ़ रही थी। बुधवार दोपहर लगभग चार बजे ग्राम वसुंधरा पर पहले से खड़ी ईको कार में सवार तीन लोगों ने अपने वाहन को सरकारी बताते हुए ललिता को बच्चे के साथ कार में बैठा लिया। बातों में लेकर तीनों ने उसके जेवरात दो कुंडल, चार अंगूठी, एक सोने की चेन तथा नगद पांच हजार रुपए बैग में रखवा दिए। दो किलोमीटर आगे महिला को उतार कर उसके जेवरात आदि से भरे बैग को लेकर रफू चक्कर हो गए।

अवागढ़ थाना प्रभारी जयेंन्द्र प्रसाद मौर्य ने बताया कि महिला के साथ हुई घटना की सूचना मिली वैसे ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गयी है। जल्द ही दोषियों को पकड़ लिया जाएगा।

# पुलिस और अर्द्धसैनिक बल ने किया मार्च

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनावों को देखते हुए यूपी में तैयारियां तेज हो गई। एटा में लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस ने भी तैयारियां तेज कर दी हैं। शहर व ग्रामीण क्षेत्र में एसडीएम सदर भावना विमल और सीओ विक्रांत द्विवेदी ने पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स ने मिलकर फ्लैग मार्च निकाला। संयुक्त बल ने घनी आबादी और संवेदनशील इलाकों से गुजरते हुए असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश दिया कि चुनाव प्रभावित करने का प्रयास किया तो खैर नहीं।

कोतवाली नगर के ऋषि मार्केट, बस स्टैंड, माया पैलेस, निधौली रोड, हीरा नगर, चैंचा वनगांव, अंबेडकर पार्क, संजय नगर, गांधी मार्केट, उद्देतपुर, गंगनपुर तथा थाना कोतवाली देहात के ग्राम जिरसमी, ग्राम न्यौराई, मारथरा में फ्लैग मार्च एरिया डोमिनेशन किया गया।



अर्द्धसैनिक बल के साथ फ्लैग मार्च करतीं एसडीएम सदर भावना विमल और सीओ विक्रांत द्विवेदी। ● अमृत विचार

## गांव में होती थी बिजली चोरी कैंप लगाकर दिए 35 कनेक्शन

संवाददाता, जैथरा

**अमृत विचार:** गांव नगला मोहन में विद्युत कनेक्शन कम थे। यहां बिजली चोरी की शिकायतें अधिक थीं। निगम के अधिकारियों ने बुधवार को कैंप लगा कनेक्शन दिए। गांव में 35 लोगों को विद्युत कनेक्शन दिए गए।

अधिशासी अभियंता ग्रामीण प्रथम वैभव आनंद ने बताया गांव नगला मोहन में विद्युत कनेक्शन घरों के सापेक्ष कम थे। गांव में 450 के करीब मकान हैं। जबकि 150 विद्युत कनेक्शन थे। यहां विद्युत चोरी की अधिक शिकायतें आ रहीं थीं। निगम के कर्मियों ने ग्रामीणों से कनेक्शन लेने को कहा, लेकिन वे सुन ही नहीं रहे थे। बुधवार को गांव में कैंप लगाया गया। इस दौरान उच्चाधिकारी सहित एसडीओ व जेई लाइनमैन सहित विजिलेंस की टीम व विद्युत मीटर की टीमें सहित पुलिस के जवान पहुंचे। गांव के लोगों को विद्युत कनेक्शन लेने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान 35 कनेक्शन गांव में दिए गए। जबकि 30 हजार के करीब राजस्व वसूला गया।


अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र योगेश कुमार व पुत्रवधू ममता को गलत आचरण व दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। **रामपाल पुत्र श्री विजयी व श्रीमती रामसनेही पत्नी रामपाल निवासी ग्राम कान्हा नगला थाना बिनावर जिला बदायूँ।**

**सूचना**

मेरी पुत्री के हाईस्कूल अंकतालिका सी.बी.एस.सी. बोर्ड में मेरा नाम सोनम सिंह (घरेलू नाम) अंकित है जो कि गलत है। मेरा सही नाम सोनकली देवी पत्नी दरियाव सिंह है। उपरोक्त दोनों नाम मेरे ही हैं। भविष्य में मुझे सोनकली देवी पत्नी दरियाव सिंह, नि.मो. महाराज नगर सिविल लाइंस बदायूं उ.प्र. के नाम से जाना, पहचाना जाये।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं एक मकान मो. सराय, वार्ड सं. 13, फतेहगंज पश्चिमी में अपना नाम नगर पंचायत के अभिलेखों में दर्ज कराना चाहता हूँ। जिसका बैनामा मो. इब्राहीम पुत्र खलील द्वारा किया गया है। इस पर किसी को नाम दर्ज कराने में आपत्ति हो तो वह 30 दिन के अन्दर अधिशासी अधिकारी फतेहगंज पश्चिमी को दे सकता है। मियाद गुजरने के बाद आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। **मो. अलीम पुत्र मो. इब्राहीम, मो. सराय, फतेहगंज पश्चिमी, बरेली**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र का नाम अरमान दयाल से बदलकर किंग दयाल रख लिया है। भविष्य में मेरे पुत्र को किंग दयाल के नाम से ही जाना व पहचाना जाये। **फिरोज दयाल पुत्र श्री मसीह दयाल निवासी 83 सिविल लाइन्स, मिशन कम्पाउण्ड, बरेली।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट सं. L2103956 में मेरा नाम IRASHAD है जिसे बदलकर अब मैंने इरशाद अहमद रख लिया है। भविष्य में मुझे इरशाद अहमद के नाम से ही जाना व पहचाना जाये। **इरशाद अहमद (IRSHAD AHMAD) पुत्र जाहिद ग्राम रामपुर नवदिया पो. जलालपुर ब्लाक खुदागंज शाहजहांपुर**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे हाईस्कूल वर्ष 2013 के अंक पत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गये हैं जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिले हैं। **कु. मीना पुत्री श्री ज्ञान सिंह निवासी किरामई तहसील व जिला कासगंज**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।



रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल- बरेली
FREE ओ. पी. डी. परामर्श
बच्चों में सभी हड्डी व रीढ की समस्याओं के निःशुल्क परामर्श के लिए मिलें
मुंबई के वरिष्ठ बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा निःशुल्क परामर्श
दिनांक :- 14 - 15 मार्च 2024
समय :- सुबह 9 से 4 बजे तक
स्थान :- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, हड्डी रोग विभाग कमरा नंबर - 1084



डॉ. तुषार अग्रवाल
बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ, मुंबई
रजिस्ट्रेशन के लिए कॉल करें - 9081800900, 8006460900
Address: Department of Orthopedic (Room No-1084)
Rohilkhand Medical College & Hospital
Pilibhit Bypass Road, Bareilly


## दो साल से टूटा पड़ा है हैंडपंप, शिकायतों पर भी नहीं ली सुधि

**जलेसर।** विकास खंड क्षेत्र जलेसर के गांव सराय राजनगर में पिछले 2 साल से सड़क किनारे बना हेड पंप टूटा पड़ा है। ग्रामीणों के द्वारा आधा दर्जन बार शिकायती पत्र मुख्यमंत्री पोर्टल, समाधान दिवस, एवं विकासखंड कार्यालय में दिए गए लेकिन ग्राम पंचायत सचिव के द्वारा निजी नल बताकर शिकायत का निस्तारण नहीं किया जा रहा है।



टूटा पड़ा हैंडपंप।

ग्राम पंचायत के पूर्व प्रधान चंद्रप्रभा राजपूत एवं अन्य ग्रामीणों ने बताया कि इस नल से रहागीरों एवं ग्रामीणों के साथ-साथ कांवड़ियों के लिए भी पेयजल की व्यवस्था रहती थी। पंचायत सचिव विजय बहादुर ने कहा कि उनकी अभी नियुक्ति हुई है। हैंडपंप रीबोर होगा। शिकायत प्राप्त हो चुकी है जल निगम के अवर अभियंता से जांच करा कर हैडपंप को सही कराया जाएगा।

# गठबंधन रचेगा एक नया इतिहास: नादिरा




कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते सपा जिलाध्यक्ष परवेज जुबैरी। ● अमृत विचार

संवाददाता, एटा

● सपा प्रत्याशी देवेश शाक्य के चुनाव कार्यालय का किया उद्घाटन

**अमृत विचार:** एटा-कासगंज संसदीय क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के तहत घोषित सपा प्रत्याशी देवेश शाक्य के चुनाव कार्यालय का बुधवार को अलीगंज रोड स्थित गल्ला मंडी के सामने एक भवन में उदघाटन हुआ। पटियाली विधायक नादिरा सुल्तान ने कहा कि गठबंधन के दोनों दलों के लोग मिलकर नया इतिहास लिखेंगे। सपा प्रत्याशी देवेश शाक्य ने कहा कि दोनों दलों के नेता व कार्यकर्ता जुट जाएं।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष गंगासहाय लोधी, सपा जिलाध्यक्ष परवेज जुबैरी, पूर्व विधायक अमित गौरव यादव सपा, अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष इं.नूर मोहम्मद खान, कासगंज के सपा जिलाध्यक्ष विक्रम यादव, कांग्रेस के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अनिल सोलंकी, अशरफ हुसैन, एकेश लोधी, चोब सिंह धनगर, अरुणेष गुप्ता, महेंद्र सिंह, रंजीत सिंह यादव, जिला पंचायत सदस्य विनोद यादव ने भी सम्बोधित किया।

सुखवेंद्र सिंह यादव, रामसेवक पहलवान, सत्यभान सिंह उर्फ सत्तन शाक्य, अनिल यादव प्रधान, चोवसिह यादव, मंजीत यादव, दुर्गेश यादव, फईमुद्दीन वारसी, जहीर अहमद, शराफत हुसैन उर्फ काले, जमशेद आलम, नेम सिंह राजपूत, जसवीर सिंह यादव, चेतन शाक्य, अनिल यादव पूर्व ब्लॉक प्रमुख, शशिप्रभा शाक्य, व अन्य मौजूद रहे। संचालन जिला महासचिव भूपेंद्र प्रजापति ने किया।


इन्स्टीट्यूट ऑफ डेन्टल साइन्सेस
वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे के अवसर पर
मुफ्त दंत चिकित्सा शिविर
15 मार्च – 20 मार्च 2023
पंजीकरण मात्र 50/-



मुफ्त परामर्श
मुफ्त दाँतों की सफाई
मुफ्त पायरिया का इलाज
बरेली इन्टरनेशनल यूनिवर्सिटी
पीलीभीत बाईपास रोड, सुरेश शर्मा नगर चौराहे के सामने, डेन्टल कालेज रोड, बरेली
संपर्क करें : कमरा नं. 223, पेरियोडोन्टिक्स विभाग

